P372

इंदौर, बुधवार 01 अप्रैल 2026
■ वर्ष : 5 ■ अंक : 132
■ पृष्ठ : 6 ■ मूल्य : 2

dainikindoresanket.com
dainikindoresanket
dainikindoresanket
dainikindoresanket24@gmail.com

सांध्य दैनिक
# इंदौर संकेत

आरएनआई - एमपीएचआईएन/2021/81650


राष्ट्रपिता को नमन...



# क्रीमिया में क्रैश हुआ रूसी विमान

**कीव (एजेंसी) ●** रूस के रक्षा मंत्रालय ने बताया है कि सैन्य परिवहन विमान क्रीमिया में दुर्घटना का शिकार हो गया। समाचार एजेंसी रॉयटर्स की रिपोर्ट के मुताबिक रूसी सैन्य परिवहन विमान एएन-26 एक चट्टान से टकराकर क्रैश हो गया। हादसे में विमान में सवार 29 लोगों की मौत हो गई। यह दुर्घटना संभवत: किसी तकनीकी खराबी के कारण हुई है। विमान के क्रैश होने के कारणों की पड़ताल की जा रही है।

### उड़ान के दौरान अचानक कटा संपर्क

*बुधवार तड़के आई रिपोर्ट्स के मुताबिक रूस की समाचार एजेंसी- इंटरफैक्स ने रक्षा मंत्रालय के हवाले से बताया, स्थानीय समय के अनुसार मंगलवार शाम लगभग छह बजे क्रीमिया के ऊपर से उड़ान भरते समय विमान से संपर्क टूट गया।*

### यूक्रेन के भूभाग पर बीते 12 साल से यूक्रेन का कब्जा

*क्रीमिया में जिस स्थान पर ये हादसा हुआ है, यह प्रायद्वीपीय इलाका है। काले सागर के तट तक फैली विशाल पर्वत श्रृंखलाओं से घिरा हुए इस क्षेत्र को रूस ने 2014 में अपने अधिकार में ले लिया गया था। पहले इस भूभाग पर यूक्रेन का अधिकार था।*

# भैया स्टोर्स पर नामी स्कूलों के सेट खुलेआम, प्रशासन के आदेश हवा

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर ●** इंदौर के खजूरी बाजार में शिक्षा के नाम पर चल रहे खेल की एक और परत सामने आई है। यहां स्थित भैया स्टोर्स पर नामी निजी स्कूलों के पूरे-पूरे बुक सेट 'रेडीमेड' उपलब्ध कराए जा रहे हैं- वह भी खुलेआम।

**सेट तैयार, विकल्प खत्म-** दुकान पर अलग-अलग स्कूलों के नाम से बंधे सेट पहले से तैयार रखे गए हैं। अभिभावकों को यही सेट लेने के लिए मजबूर किया जाता है, जिससे 'तीन दुकानों से खरीद' वाला नियम पूरी तरह बेअसर हो जाता है। गौरतलब है कि जिला प्रशासन द्वारा जारी गाइडलाइन के अनुसार स्कूल द्वारा चयनित पुस्तकें न्यूनतम तीन दुकानों पर उपलब्ध होना आवश्यक है लेकिन किताबों के स्टॉक के लेकर ऐसा खेल खेला जाता है कि किताबें केवल सेटिंग की दुकानों पर ही मिल पाती है।

सूत्र बताते हैं कि इन सेट्स की कीमतें तय होती हैं और इनमें कई ऐसी किताबें भी शामिल होती हैं, जो एनसीईआरटी के दायरे से बाहर हैं। यानी प्रशासन के 'सिर्फ एनसीईआरटी' के आदेश को यहां सीधे-सीधे नजरअंदाज किया जा रहा है।




**स्कूल-दुकानदार गठजोड़ के संकेत-** जिस तरह से अलग-अलग स्कूलों के सेट एक ही दुकान पर उपलब्ध हैं, उससे स्कूल प्रबंधन और दुकानदार के बीच सांठगांठ की आशंका और गहरी हो जाती है। सवाल यह भी है कि जब किताबें तय दुकान पर ही मिल रही हैं, तो 'विकल्प' की बात सिर्फ दिखावा क्यों, अभिभावकों का कहना है कि उन्हें मजबूरी में यही सेट खरीदना पड़ता है, क्योंकि स्कूल से अप्रत्यक्ष दबाव बना रहता है। मोलभाव या विकल्प की कोई गुंजाइश नहीं छोड़ी जाती। जिला प्रशासन के स्पष्ट आदेश के बावजूद अगर खजूरी बाजार में इस तरह खुलेआम सेट बिक रहे हैं, तो

> हमें भी एक दो जगह की शिकायत मिली है। हम इसको दिखवाते है। कलेक्टर सर द्वारा जारी गाइडलाइन का सख्ती से पालन होगा। - डॉ शांतास्वामी भार्गव जिला शिक्षा अधिकारी, जिला इंदौर

निगरानी व्यवस्था पर सवाल उठना लाजिमी है। खजूरी बाजार का यह मामला साफ संकेत देता है कि इंदौर में 'किताब माफिया' प्रशासनिक आदेशों को ठेंगा दिखाकर अपना खेल जारी रखे हुए है। अब देखना होगा कि जिम्मेदार अधिकारी इस पर कार्रवाई करते हैं या फिर अभिभावकों की जेब पर यह 'रेडीमेड लूट' यूं ही चलती रहेगी।

## अक्षय की बात अपनों के साथ

86 वर्षीय वरिष्ठ भाजपा नेता सत्यनारायण सत्तन का मोदी युग की भाजपा और उम्र के इस पड़ाव में राजनैतिक मंचों में जाना और विशेष मान सम्मान की आकांक्षा रखना कहां तक उचित है? वैसे भी उम्र के चौथे पड़ाव में आत्म सम्मान और स्वाभिमान से जीवन कैसे व्यतीत करना इस बारे मे सनातन धर्म में बहुत स्पष्ट बताया गया है और जीवन के इस पड़ाव के नग्न सत्य को आप जैसे विद्वान और अनुभवी राष्ट्रकवि से बेहतर कौन समझ सकता हैं। वरिष्ठता, अनुभव, निष्ठावान कार्यकर्ता, कुशल वक्ता जैसे शब्द यदि मोदी युग की भाजपा में मान सम्मान और राजनैतिक कुर्सी के मापदंड होते तो यशस्वी डॉ मोहन यादव आज चीफ मिनिस्टर की कुर्सी पर विराजमान नहीं होते। वरिष्ठ भाजपा नेता सत्यनारायण सत्तन को अब राजनीति से संन्यास लेकर समाज और शहर हित में बेबाक तरीके से अपनी बात रखना शुरू कर देना चाहिए।



# संघ की हिदायत : आपके व्यवहार व बयानों से पार्टी की छवि खराब न हो

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**भोपाल ●** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने भाजपा के मंत्रियों को सख्त हिदायत दी है कि उनके आचरण, व्यवहार और बयानों से पार्टी की छवि खराब न हो। संघ ने यह सुनिश्चित करने पर जोर दिया है कि कार्यकर्ता बिजली की तरह चमकने (क्षणिक चमक) के बजाय दीपक की तरह जलकर (निरंतर सेवा) समाज की सेवा करें। दरअसल, राजधानी के सुशासन भवन में सोमवार को संघ की मौजूदगी में सरकार और संगठन की समन्वय बैठक हुई। सूत्रों की मानें तो बैठक में पिछले कुछ महीनों से कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय और प्रहलाद पटेल की नाराजगी को लेकर चर्चा हुई है और उन्हें सरकार के साथ काम करने की समझाइश दी गई है। इसके अलावा बैठक में सरकारी पदों पर राजनीतिक नियुक्तियों पर भी मंथन किया गया है।

जानकारी के अनुसार, अटल बिहारी वाजपेयी सुशासन स्कूल में अचानक बुलाई गई राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ और भाजपा की समन्वय बैठक में कई अहम निर्णय लिए गए। बैठक में संघ के वरिष्ठ नेता सुरेश सोनी, दीपक विस्तपुते, स्वप्निल कुलकर्णी के अलावा प्रांत प्रचारक स्तर के पदाधिकारी भी बैठक में मौजूद हैं, जिससे इस बैठक की अहमियत बढ़ गई है। तकरीबन पांच घंटे चली बैठक में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय और प्रहलाद पटेल के अलावा भाजपा के राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिवप्रकाश, प्रदेशाध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल भी मौजूद रहे। सूत्रों की मानें तो बैठक में मंत्री कैलाश विजयवर्गीय और प्रहलाद पटेल की नाराजगी पर भी चर्चा की गई है। बताया गया है कि दोनों नेताओं से कहा गया है कि उनके किसी भी तरह के कार्यों से सरकार और पार्टी को नुकसान नहीं होना चाहिए। बताया गया है कि दोनों मंत्रियों ने संघ पदाधिकारियों के सामने अपनी बातें रखी हैं। इसके बाद उनकी मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के साथ भी चर्चा हुई है। सूत्रों का कहना है कि अचानक बुलाई गई बैठक दिल्ली के निर्देश पर की गई है। पिछले कुछ दिनों से मंत्रियों द्वारा केन्द्रीय नेतृत्व के समक्ष अपनी बातें रखी गई है, तो वहीं इधर कैबिनेट की बैठक में अनुपस्थिति व अन्य कार्यक्रमों से दूरी बनाने की खबर भी दिल्ली पहुंची है।




### राज्यसभा उम्मीदवार-मंत्रिमंडल विस्तार पर चर्चा

बैठक में राज्यसभा चुनाव को लेकर भी मंथन होने की खबर है। जानकारों का कहना है कि पार्टी नेतृत्व चाहती है कि मध्यप्रदेश की खाली हो रही राज्यसभा की तीनों सीटों पर भाजपा के उम्मीदवारों को मैदान पर उतारा जाए। ये तीनों उम्मीदवार मध्यप्रदेश से ही हो। बैठक में कांग्रेस के खाते वाली सीट भाजपा को कैसे मिले, इस पर भी चर्चा की गई है। तीसरी सीट पर पार्टी किसी ऐसे नेता को उम्मीदवार बना सकती है, जो शीर्ष नेतृत्व के करीबी है। सूत्रों की मानें तो बैठक में प्रदेश मंत्रिमण्डल के विस्तार और फेरबदल को लेकर भी मंथन किया गया है। दरअसल केन्द्रीय नेतृत्व द्वारा संभावित फेरबदल को लेकर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को पहले ही हरी झंडी दे दी गई है, लेकिन प्रदेश की राजनीतिक परिस्थितियों के कारण मंत्रिमण्डल विस्तार और फेरबदल को लेकर निर्णय नहीं हो पा रहा है। सूत्रों का यह भी कहना है कि जब भी फेरबदल होगा, तो प्रदेश सरकार के कुछ बड़े नेता दिल्ली जा सकते है। इनमें कैलाश विजयवर्गीय और प्रहलाद पटेल के नाम की भी चर्चा की जा रही है। कहा जा रहा है कि इन दोनों नेताओं को भाजपा की राष्ट्रीय टीम में अहम जिम्मेदारी दी जा सकती है।

# विधायक निर्मला का दावा मैं अभी भी कांग्रेस में हूं

■ **नेता प्रतिपक्ष की याचिका पर अब अगली सुनवाई 20 को**
■ **कांग्रेस ने अपनी ही पार्टी की विधायक पर लगाया है पार्टी विरोधी गतिविधि का आरोप**

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**जबलपुर ●** मप्र हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा व जस्टिस विनय सराफ की युगलपीठ के समक्ष मंगलवार को बीना विधायक निर्मला सप्रे के विरुद्ध नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार की याचिका पर सुनवाई हुई। मामले में उस समय नया मोड़ आया जब हाईकोर्ट के पूछने पर निर्मला सप्रे की ओर से दावा किया गया कि वे अभी भी कांग्रेस पार्टी में हैं। अब इस मामले में याचिकाकर्ता उमंग सिंघार को विधानसभा स्पीकर के सामने नौ अप्रैल को अपना पक्ष रखना है। इसके मद्देनजर न्यायालय ने मामले पर अगली सुनवाई 20 अप्रैल को नियत की है। सप्रे की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता संजय अग्रवाल ने पक्ष रखा। विगत सुनवाई के दौरान न्यायालय ने पूछा था कि 16 माह बीतने के बावजूद सिंघार की याचिका पर विधानसभा अध्यक्ष ने निर्णय क्यों नहीं लिया।



उल्लेखनीय है कि विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने यह याचिका दायर की है। सिंघार ने कांग्रेस की बीना से विधायक निर्मला सप्रे का निर्वाचन शून्य करने की मांग की है। याचिकाकर्ता के अनुसार 30 जून 2024 को उन्होंने विधानसभा अध्यक्ष तोमर के समक्ष इस मामले में याचिका दायर की थी। लेकिन निर्धारित 90 दिन के भीतर कार्रवाई सुनिश्चित नहीं की गई। जिस पर हाईकोर्ट की शरण ली गई। कांग्रेस ने अपनी ही पार्टी की विधायक पर पार्टी विरोधी गतिविधि का आरोप लगाया गया है। लोकसभा चुनाव के दौरान पांच मई, 2024 को राहतगढ़ में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के कार्यक्रम में मंच पर पहुंची थीं। याचिकाकर्ता का कहना है कि कांग्रेस विधायक सप्रे भाजपा में शामिल हो चुकी हैं। इसके बावजूद उन्होंने विधायक पद से त्यागपत्र नहीं दिया है। दलबदल कानून के प्रकाश में उनका यह रवैया गैर कानूनी है। इसलिए सदस्यता समाप्त की जानी चाहिए।

## अंदर के पन्नों पर...

इंदौर में दूध 3 रु. महंगा, सांची के रेट नहीं बदले



पेज-2

इंदौर विकास प्राधिकरण की प्रॉपर्टी नहीं बिक रहीं



पेज-5

# महिला बोली- 'मैं जिंदा हूं'

## सरपंच और बिल्डर ने मिलकर जमीन के लिए बताया मृत

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर ●** इंदौर कलेक्टोरेट में मंगलवार को हुई जनसुनवाई में फरियादी महिला गीता बाई और उनके पुत्र हरिराम यादव पहुंचे। कलेक्टर के सामने खड़ी होकर महिला ने कहा कि साहब मैं जिंदा हूं लेकिन मुझे सरपंच और पंचायत ने मरा बता दिया। कलेक्टर भी बात सुनकर चौंक गए। महिला के बेटे ने भी कलेक्टर को सभी दस्तावेज दिखाए और मृत बताकर जमीन हथियाने के आरोप लगाए।

बेटे हरिराम यादव ने बताया कि सरपंच और पंचायत ने मां का फर्जी मृत्यु प्रमाण पत्र बना दिया। इस आधार पर हमारी क्षिप्रा (सांवेर तहसील) की करीब पौने दो बीघा जमीन (40 हजार वर्गफीट- सर्वे नंबर 250/6, ग्राम सिंहासा) का नामांतरण दूसरे के नाम पर हो गया। हमने राजस्व रिकॉर्ड निकाले तो हमारी जगह यह जमीन मेसर्स बीएम



हॉस्पिटलिटी एंड डेवलपर्स निवासी एम जेड 06 ट्रेड हाउस 14/1 तुकोगंज इंदौर तर्फे डायरेक्टर जय कुमार बजाज पिता भगवती प्रसाद बजाज के नाम निकली। बेटे ने इंदौर कलेक्टर शिवम वर्मा को बताया कि जब जमीन पर गए तो वहां बिल्डर बजाज के गुंडों ने पीटा। हम जब 26 मार्च को चंदननगर थाने गए तो वहां भी पुलिस वालों ने दुर्व्यवहार किया और पीटा। हमारी शिकायत पर कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। कलेक्टर ने इस मामले में जमीन रिकॉर्ड और नामांतरण आदेश का परीक्षण कराने की बात कही है।

**चिंताजनक** दो बड़े इलाकों में डराने वाली घटनाएं हुई

# किन्नरों के लिए पुलिस की सेटिंग आई सामने

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर ●** इंदौर के दो बड़े इलाकों में डराने वाली घटनाएं सामने आई हैं। महालक्ष्मी नगर और तुलसीनगर में किन्नरों ने जमकर हंगामा किया। इसमें एक केस में तो किन्नरों ने 8 माह के मासूम को ही जान से मारने की धमकी दे दी। वहीं दूसरा केस और भी गंभीर है जिसमें पुलिस द्वारा ही किन्नरों के लिए दलाली की गई। ऐसे आरोप रहवासी ने लगाते हुए शिकायत की है। लोगों ने उन पर जबरन पैसे मांगने और धमकाने के आरोप लगाए हैं। इन मामलों में पुलिस की भूमिका पर भी सवाल उठे हैं।

डॉ. चौहान ने शिकायत में पुलिस पर आरोप लगाते हुए कहा कि परिवार ने 100 डायल पर फोन किया और पुलिस को बुलाया। लेकिन यह पुलिसकर्मी किन्नर से ही मिलते नजर आए और परिजनों से कहा कि इन्हें कम से कम 51 हजार तो देने ही होंगे, नहीं तो ये नहीं मानेंगे। उनकी उपस्थिति में ही किन्नर घर पर उत्पात मचाते रहे। आखिरी में घर और अपनी जान बचाने के लिए पुलिस के सामने ही उन्हें 81 हजार रुपए देने पड़े। डॉ. चौहान ने लिखा कि ड्यूटी पर तैनात उन दोनों पुलिसकर्मियों ने अपनी शपथ और कर्तव्य का उल्लंघन करते हुए अपराधियों (किन्नरों) की दलाली की। रहवासी ने कहा कि परिवार को सुरक्षा देने के बजाय पुलिसकर्मियों द्वारा मानसिक दबाव बनाकर अवैध वसूली करवाई गई। संपूर्ण घटनाक्रम के CCTV फुटेज सुरक्षित हैं। साथ ही, मौके पर आए पुलिसकर्मियों के साथ हुई बातचीत की वॉइस रिकॉर्डिंग भी उपलब्ध है, जो उनकी संलिप्तता बताती है। डॉ. चौहान ने जांच और कार्रवाई की मांग की है। साथ ही 81 हजार भी वापस दिलवाने की मांग की है।

### 15-20 किन्नर घर में जबरदस्ती घुसे

महालक्ष्मी नगर रहवासी डॉ. आशीष चौहान ने लसूडिया टीआई तारेश सोनी को लिखित में शिकायत दी है। इसमें कहा गया कि 23 मार्च 2026 को सुबह 10 बजे 15-20 किन्नर उनके घर के अंदर बिना अनुमति के पहुंचे। चौहान ने आगे कहा कि उन्होंने घर के अंदर भारी उत्पात मचाया। मेरी माताजी से बहुत ही अभद्र व्यवहार किया व नग्न हरकतें कीं और डरा-धमकाकर मकान के मुहूर्त के नाम पर 5 लाख के नेग की मांग की।

ठीक इसी तरह की घटना तुलसीनगर में आशीष दुबे के यहां हुई। उनके यहां वैन से 7-8 किन्नर आए और 51 हजार रुपए की मांग की। कारण है कि 8 माह पहले उनके यहां बेटा हुआ था। घर में दुबे की पत्नी और मां ही थे। दुबे ने बताया कि किन्नरों ने घर में घुसकर उत्पात मचाया और सामान फेंका। जान बचाने के लिए पत्नी और मां कमरे में बंद हुए। हम 5100 नेग देने के लिए तैयार थे, लेकिन वह 51 हजार पर अड़े हुए थे। नेग नहीं देने पर 8 माह के मासूम को मारने तक की धमकी दी गई। घर के बाहर गाड़ी लगा दी ताकि कोई बाहर नहीं जा सके। फिर पुलिस को फोन किया और पड़ोसियों से मदद मांगी गई। इसके बाद इनकी जान बच सकी। इस मामले में तुलसीनगर रहवासियों द्वारा पुलिस और किन्नर अखाड़े के साथ बैठक भी की गई। इसमें किन्नर अखाड़ा प्रमुख ने माफी मांगी और संबंधित किन्नर को बाहर करने की बात कही। उधर पुलिस ने दावा किया कि अब ऐसी कोई हरकत नहीं होगी। ऐसा करने वालों से सख्ती से निपटा जाएगा।

विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 2 के संत रविदास मंडल और संत बालीनाथ मंडल का प्रशिक्षण वर्ग

# प्रत्येक बूथ भाजपा का बूथ बने, कार्यकर्ता इसी लक्ष्य को लेकर काम करे- मिश्रा

इंदौर संकेत प्रतिनिधि

**इंदौर** ● विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 2 के संत रविदास मंडल और संत बालीनाथ मंडल का प्रशिक्षण वर्ग प्रदेश कोषाध्यक्ष अखिलेश जैन, नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा, महापौर पुष्यमित्र भार्गव, वरिष्ठ नेता कृष्णमुरारी मोघे, विधायक रमेश मेंदोला, बाबुसिंह रघुवंशी, गोपीकृष्ण नेमा, राधेश्याम यादव, प्रदेश प्रवक्ता आलोक दुबे, स्वप्निल कोठारी, संतोष मेहता, सुधीर कोल्हे, स्वाति कशीद की उपस्थिति में प्रारंभ हुआ।




प्रदेश कोषाध्यक्ष अखिलेश जैन ने केंद्र सरकार की योजना विषय पर संबोधित करते हुए कहा कि 2014 से पहले का भारत और 2014 के बाद यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाले भारत में युगांतकारी परिवर्तन आया है। 2014 के पहले देश में भय, भूख, भ्रष्टाचार, महंगाई, नक्सलवाद और आतंकवाद का साम्राज्य था, आतंकवादी हमारे सेना के नौजवानों के शीश काटकर ले जाते थे, हर दिन एक भ्रष्टाचार होता था, मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद आज हमारी सेना आतंकवाद का संरक्षण करने वाले पाकिस्तान की सीमा के अंदर घुसकर मारती है। उन्होने कहा कि हमारी सरकारों का मूलमंत्र सबका साथ- सबका विकास- सबका विश्वास और सबका प्रयास है। उसी आधार पर देश के 81 करोड़ गरीब नागरिकों को निशुल्क राशन, 4 करोड़ से अधिक आवास, 55 करोड़ से अधिक नागरिकों को आयुष्मान योजना का लाभ मिला है। भाजपा नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा ने कहा कि भाजपा की मूल और प्राथमिक इकाई बूथ इकाई होती है। बूथ मजबूत है तो विजय सुनिश्चित है, हमने बूथ सशक्तिकरण अभियान के दौरान 51 प्रतिशत वोट शेयरिंग का लक्ष्य लेकर काम किया था, बूथ समितियों को सशक्त बनाते हुए पार्टी की विचारधारा को घर घर पहुंचाने का काम करे। प्रत्येक घर का एक सदस्य पार्टी का सक्रिय कार्यकर्ता बने इस लक्ष्य को लेकर काम करे। महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नेतृत्व वाली सरकार सिर्फ योजनाएं नहीं बनती बल्कि लोक कल्याण और गरीब, युवा, अन्नदाता और महिलाओं के सशक्तिकरण के साथ सुशासन देने का काम कर रही हैं। वरिष्ठ नेता कृष्णमुरारी मोघे ने वैचारिक अधिष्ठान विषय पर कहा कि हमारा विचार ही हमारी ताकत है। कार्यकर्ता पितृ पुरुष पंडित दीनदयाल उपाध्याय और डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी के जीवन, कार्यों और विचारों से प्रेरणा लेकर हमारे विचार को और अधिक मजबूत करे।

हनुमान जयंती : ईरान-इजराइल युद्ध का असर, सीमित रूप में होंगे भंडारे

# युद्ध की आग में झुलसी रसोई, महंगे तेल ने छीना भंडारे का स्वाद

इंदौर संकेत प्रतिनिधि

**इंदौर** ● हजारों किलोमीटर दूर चल रहे युद्ध की तपिश अब शहर की रसोई तक पहुंच चुकी है। अंतरराष्ट्रीय तनाव के चलते खाद्य तेलों की कीमतों में आई बेतहाशा बढ़ोतरी ने हनुमान जयंती जैसे बड़े धार्मिक आयोजन का स्वाद फीका कर दिया है। इस बार शहर में भंडारों की रौनक कम नजर आ रही है।

युद्ध के एक महीने के भीतर ही देश में आवश्यक वस्तुओं की कीमतों में तेज उछाल आया है। व्यापारिक केंद्र सियागंज के व्यापारियों के अनुसार, सोयाबीन तेल जो पहले 140 रुपये प्रति लीटर था, अब 175 रुपये तक पहुंच गया है। मूंगफली तेल में भी 40 से 50 रुपये की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। सिर्फ तेल ही नहीं, अरहर की दाल और आटा जैसी बुनियादी वस्तुओं के दाम बढ़ने से आम आदमी की थाली का बजट पूरी तरह बिगड़ गया है।



भंडारों पर ग्रहण: श्रद्धा बनाम संसाधन- महंगाई और गैस संकट का सीधा असर हनुमान जयंती के भंडारों पर पड़ रहा है। इंदौर, जो अपने भव्य भंडारों के लिए जाना जाता है, इस बार कुछफीका नजर आ सकता है। भंडारों में उपयोग होने वाली गैस टंकियों के दाम ब्लैक में 3000 रुपये तक पहुंच गए हैं। बजट का बोझ: तेल का डिब्बा, जो पहले 1800 रुपये में मिलता था, अब 2400 रुपये तक पहुंच गया है।

## आयोजकों की बेबसी

छत्रीबाग के राम मंदिर और जिला कोर्ट परिसर जैसे प्रमुख स्थानों पर इस वर्ष कई भंडारे टाल दिए गए हैं। माणिकबाग बालाजी मंदिर के अध्यक्ष रवि चौहान के अनुसार, दानदाताओं के पीछे हटने और संसाधनों की कमी के चलते 4000 लोगों के भव्य भंडारे की जगह अब केवल फलाहारी खिचड़ी और नुक्ती का वितरण किया जाएगा।

---

न्यूज ब्रीफ

## जैन यूथ आइकन आवर्ड से सम्मानित

दैनिक इंदौर संकेत

**इंदौर** ● ऐतिहासिक महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव के पावन अवसर पर, दिगंबर जैन महासमिति, इंदौर संभाग द्वारा आयोजित यूथ आइकन आवर्ड अलंकरण समारोह में समाज की होनहार बेटी शैलिना पंकाश कासलीवाल को 'जैन गौरव अलंकरण' से सम्मानित किया गया। धर्म समाज प्रचारक राजेश जैन दद्दू ने बताया कि यह बेटी ने अपनी मेहनत और कार्य शेली से कार्यरत कम्पनी को कंई उंचाई प्राप्त करवाई। यह अत्यंत गर्व और अपार खुशी का पल है समाज के लिये उसकी मेहनत, समर्पण और लगन का यह शानदार परिणाम है।



## महावीर पुरस्कार से सम्मानित हुए डॉ. अनुपम जैन

दैनिक इंदौर संकेत

**इंदौर** ● जैन विद्याओं के अध्ययन के क्षेत्र में स्थापित देश का प्रतिष्ठित महावीर पुरस्कार वर्ष 2025 का गणित के अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त मूर्धन्य विद्वान प्रोफेसर डॉ अनुपम जैन इंदौर को प्रदान किया जा रहा है।



उन्हें यह पुरस्कार 8 अप्रैल को श्री दिगंबर जैन अतिशय क्षेत्र महावीरजी के तत्वावधान में जैन विद्या संस्थान समिति महावीर जी (जयपुर) द्वारा आयोजित पुरस्कार समर्पण समारोह में प्रदान किया जाएगा। पुरस्कार के अंतर्गत उन्हें शाल, श्रीफल, प्रशस्ति पत्र एवं सम्मान स्वरूप एक लाख रुपए की निधि प्रदान की जाएगी।

# किसानों और आमजनता की समस्याओं को लेकर कांग्रेसियों ने दिया एसडीएम को ज्ञापन

निलेश चौहान : 94250-77209

देपालपुर ● दैनिक इंदौर संकेत

## किसानों के सम्मान में कांग्रेस मैदान में

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी जिला अध्यक्ष विपिन वानखेड़े,के मार्गदर्शन मे ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष देपालपुर द्वारा महामहिम राजयपाल के नाम देपालपुर एसडीएम को ज्ञापन दिया

प्रदेश में गैस सिलेंडर की भारी किल्लत को लेकर,आम जन परेशान है,गैस टंकी बुकिंग के बाद तत्काल उपलब्ध करवाई जावे बिजली के दामों में वृद्धि व घरो मे कमलनाथ सरकार मे 100,200 रुपये बिल आता था जो की आज बढकर 1500,से 2000 आ रहा है इसे कम किया जावे,बिजली विभाग द्वारा घरों के बिल की अमानवीय तरीके से शक्ति से वसूली जिसमे टीवी फ्रिज मोटर सायकल फसल के बोर, सभी उठा कर ले जा रहे है



इन सब को बंद किया जावे किसानों के कृषि ऋण बैंक वसूली की तारिक 15 मई की जावे 1अप्रेल से समर्थन मूल्य पर गेंहू खरीदी होना थी उसे बढ़ाकर 10 अप्रेल कर दिया है व उसके स्लॉट बुक की प्रोसेस व कहा खरीदी व कैसे होंगी किसानों को सुविधा दी जाकर खरीदी 5 अप्रेल से प्रारम्भ की जाकर स्लॉट प्रारम्भ किये जावे आगजनी व पानी व हवा से क्षेत्र मे किसानों का लाखो रुपये का नुकसान हुआ है किसानों को सम्पूर्ण नुकसानी का मुवावजा दिया जावे। इन्ही सब समस्यायों को लेकर ब्लॉक कांग्रेस परिवार द्वारा महामहिम राज्यपाल के नाम ज्ञापन दिया गया, ज्ञापन मे मुख्यरूप से जिला संघ के पूर्व अध्यक्ष राधेश्याम पटेल, कृपरम सोलंकी, बुद्धिचंद पटेल, दिलीप पटेल, सत्यनारायण शर्मा, जितेंद्र बड़वाया, दिलीप खेर, गजेंद्र जाट, नरेन्द्र सूर्यवंशी, कान्हा धानिया, हिमांशु शर्मा, दिनेश यादव, मुकेश सेन, मानसिंह बमोत्रिया, मानसिंह गौड़, राधेश्याम पटेल, निर्भयसिंह सोलंकी, मंडलम अध्यक्षगण,बाबूलाल पटेल बैगन्दा,आजम खान, गुलाब पटेल, गौरव पटेल, राजीव यादव मिथलेश जोशी, रामचरण दयाल, मुकेश पटेल, कही कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद थे कार्यक्रम का संचालन राजेश बड़वाया ने किया आभार मोहन चौधरी ने माना।

## इलेक्ट्रो होम्योपैथी की मान्यता के लिए हर संभव प्रयास करेंगे- बघेल



दैनिक इंदौर संकेत

**इंदौर** ● वैकल्पिक चिकित्सक संघ जिला इंदौर के अध्यक्ष डॉ आर एन मिश्रा ने बताया कि इंदौर आगमन पर भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ के नव नियुक्त प्रदेश संयोजक डॉ विशाल सिंह बघेल का इंदौर वैकल्पिक चिकित्सक संघ की तरफ से स्वागत किया गया। साथ ही उनको इलेक्ट्रो होम्योपैथी को मध्य प्रदेश एवं देश में मान्यता प्राप्त हो उसके लिए उनको वैकल्पिक चिकित्सक संघ जिला इंदौर के प्रतिनिधि मंडल ने उनको ज्ञापन सौंपा। एवं मांग की कि जब देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी हर्बल पद्धतियों को बढ़ावा दे रहे है। ऐसे में इलेक्ट्रो होम्योपैथी जैसी हर्बल पद्धति को भी प्रदेश के साथ साथ संपूर्ण देश में भी मान्यता मिलनी चाहिए। जैसा कि राजस्थान सरकार ने अपने राज्य में इलेक्ट्रो होम्योपैथी को मान्यता दे रखी है। क्योंकि यह पद्धति पिछले 100 वर्षों से भी अधिक समय से प्रचलित है। एवं इस पद्धति की दवाइयां पूर्ण रूप से हानि रहित पौधों से बनाई जाती है। अर्थात मानव शरीर में इलेक्ट्रो होम्योपैथी की दवाइयों का कोई साइड इफेक्ट नहीं है। एवं इसके रिजल्ट भी त्वरित हैं।

## विरले ही चिकित्सकों को मिलता है यह सम्मान



दैनिक इंदौर संकेत

**इंदौर** ● शासकीय क्षेत्र में बहुत कम लोगों को इस तरह का सम्मान मिलता है जैसा आज स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों कर्मचारियों नर्सों डॉक्टरों, मीडिया कर्मियों, कर्मचारी नेताओं ने डॉक्टर आशुतोष शर्मा को दिया। डॉ आशुतोष शर्मा अपनी 65 वर्ष की आयु पूरी कर 38 वर्ष की सेवा से आज सेवानिवृत हो गए। हुकुमचंद पॉली क्लिनिक जिसे लाल अस्पताल के रूप में पहचाना जाता है इसमें उन्होंने 24 वर्ष तक विभिन्न पदों पर सेवा दी। मरीज और स्टाफ से उनका ऐसा लगाव हो गया था कि आज विदाई समारोह में शामिल अधिकांश लोगों की आंखें नाम थीं। कई पेशेंट फूट फूट कर रोए। डॉ बनकर पैसा जरूर कमाया जा सकता है लेकिन यह स्नेह प्यार सिर्फ तभी मिलता है जब डॉ का समर्पण और सेवा का भाव हो। आज लाल अस्पताल में डॉ आशुतोष शर्मा इस बात से बेफिक्र थे कि आज उनकी सेवा का आखिरी दिन है वे सुबह से ही मरीजों का चेकअप कर रहे थे। स्टाफ ने आज उनके कक्ष से कार्यक्रम स्थल तक गुलाब की पंखुड़ियां बिछीई थीं हालांकि वे इस पर चले नहीं।

## इंदौर में दूध 3 रु. महंगा, सांची के रेट नहीं बदले

दैनिक इंदौर संकेत

**इंदौर** ● नए वित्तीय वर्ष की शुरुआत होते ही आम आदमी की जेब पर बोझ बढ़ गया है। दरअसल इंदौर सहित मध्य प्रदेश के कई बड़े शहरों में दूध के दाम 1 अप्रैल से बढ़ जाएंगे, जिससे रसोई का बजट प्रभावित होगा।वहीं इंदौर में दूध 3 प्रति लीटर महंगा हुआ है, जबकि धार में यह बढ़ोतरी 4 प्रति लीटर तक पहुंची है। मध्य प्रदेश में नए वित्तीय वर्ष की शुरुआत आम आदमी के लिए एक नई महंगाई लेकर आई है। दरअसल कल यानी 1 अप्रैल से इंदौर सहित प्रदेश के कई बड़े शहरों में दूध के दाम बढ़ा दिए जाएंगे। इंदौर में दूध अब 3 रुपए प्रति लीटर महंगा मिलेगा, जिससे उपभोक्ताओं को 63 से 65 रुपए प्रति लीटर के भाव पर दूध खरीदना होगा। वहीं यह फैसला ऐसे समय में आया है जब पहले से ही महंगाई की मार से लोग जूझ रहे हैं। यह बढ़ोतरी सीधे तौर पर हजारों परिवारों की रसोई के बजट को प्रभावित करेगी।

दरअसल मप्र दुग्ध विक्रेता महासंघ के अध्यक्ष भारत मथुरावाला ने बताया कि यह बढ़ोतरी सिर्फ इंदौर और धार तक सीमित नहीं है। प्रदेश के अन्य प्रमुख शहरों जैसे भोपाल, ग्वालियर, जबलपुर, उज्जैन, देवास और बड़वाह में भी दूध के दाम 2 से 4 रुपए प्रति लीटर तक बढ़ेंगे। इससे राज्य के एक बड़े हिस्से में दूध महंगा हो जाएगा। हालांकि, राज्य की अग्रणी दूध उत्पादक कंपनी सांची ने अभी तक अपने उत्पादों के रेट में कोई बदलाव नहीं किया है, जिससे उन उपभोक्ताओं को कुछ तात्कालिक राहत मिल सकती है जो सांची का दूध खरीदते हैं। वहीं इसे लेकर दूध विक्रेताओं का कहना है कि यह मूल्य वृद्धि अपरिहार्य थी और इसे टाला नहीं जा सकता था। उनका तर्क है कि पशु आहार जैसे कपास खली, चारा और भूसे के दामों में पिछले कुछ समय से लगातार बढ़ोतरी हो रही है।



## 'उम्मीद - एक सुरक्षित कल की ओर' कार्यक्रम संपन्न

दैनिक इंदौर संकेत

**इंदौर** ● बालिकाओं के मानसिक, सामाजिक व भावनात्मक सशक्तिकरण के उद्देश्य से पुलिस थाना क्षिप्रा, जिला इंदौर द्वारा 'उम्मीद-एक सुरक्षित कल की ओर' कार्यक्रम का आयोजन थाना क्षेत्र स्थित झवर इंटरनेशनल स्कूल में किया गया। यह कार्यक्रम पुलिस अधीक्षक इंदौर श्रीमती यांगचेन डोलकर भूटिया के निर्देशन में, उप पुलिस अधीक्षक उमाकांत चौधरी एवं एसडीओपी साँवेर के मार्गदर्शन में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पुलिस अधीक्षक श्रीमती यांगचेन डोलकर भूटिया, धर्मेंद्र पंड्या, डॉली डिसूजा, वानी झासीवाले, रचना जौहरी, अभिषेक सहित अनुविभागीय अधिकारी साँवेर देवेंद्र सिंह धुर्वे एवं थाना प्रभारी गण उपस्थित रहे।

निरीक्षण | मामला मास्टर प्लान सड़कों का, सब इंजीनियर पर कार्रवाई के निर्देश, आयुक्त ने सड़कों का लिया जायजा

# सुस्त काम पर गिरी गाज, आयुक्त का एक्शन, ठेकेदारों पर पेनल्टी

इंदौर संकेत प्रतिनिधि

**इंदौर** ● शहर में मास्टर प्लान सड़कों के निर्माण कार्यों की धीमी रफ्तार पर नगर निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल ने सख्त रुख अपनाया है। मंगलवार सुबह उन्होंने विभिन्न निर्माणाधीन सड़कों का औचक निरीक्षण कर मौके पर ही जिम्मेदारों को फटकार लगाई और लापरवाही पर कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए।



निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने एमआर-10 ब्रिज से एमआर-12, सांवेर रोड पेट्रोल पंप से शिव शक्ति नगर, एमआर-5 बड़ा बांगड़दा से प्रधानमंत्री आवास योजना सतपुड़ा परिसर, गांधीनगर, अन्नपूर्णा से रिंग रोड तथा बिजलपुर क्षेत्र में चल रहे कार्यों का जायजा लिया। उन्होंने निर्माण की गुणवत्ता, प्रगति और समयसीमा की समीक्षा करते हुए अधिकारियों से विस्तृत जानकारी ली। मौके पर कई स्थानों पर कार्य की गति बेहद धीमी मिलने पर आयुक्त ने कड़ी नाराजगी जताई। उन्होंने संबंधित ठेकेदार एजेंसियों और उपयंत्रियों को निर्देश दिए कि कार्य में तुरंत तेजी लाई जाए और सभी परियोजनाएं तय समयसीमा में गुणवत्तापूर्वक पूरी की जाएं। अन्नपूर्णा से रिंग रोड और बिजलपुर क्षेत्र में निरीक्षण के दौरान सुरक्षा व्यवस्था में गंभीर खामियां सामने आईं। निर्माण स्थलों पर पर्याप्त साइन बोर्ड नहीं थे, हाउसकीपिंग की स्थिति भी खराब मिली। इस पर आयुक्त ने स्पष्ट कहा कि यह लापरवाही आम नागरिकों की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ है। मामले में सख्ती दिखाते हुए आयुक्त ने संबंधित ठेकेदार एजेंसियों पीडी अग्रवाल और के.एम. नारंग पर पेनल्टी लगाने के निर्देश दिए, वहीं सब इंजीनियर मनोज गुप्ता के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई करने को कहा।

### सुबह-सुबह सड़कों पर उतरे आयुक्त, सड़क पर गंदगी देख बरसे

शहर की सफाई व्यवस्था को लेकर मंगलवार सुबह प्रशासन का सख्त रूप देखने को मिला, जब आयुक्त श्री क्षितिज सिंघल खुद सड़कों पर उतरकर निरीक्षण करने पहुंचे। निरीक्षण के दौरान कई स्थानों पर गंदगी और लापरवाही सामने आने पर उन्होंने मौके पर ही जिम्मेदारों पर कड़ी कार्रवाई के निर्देश दे दिए। आयुक्त ने जोन 09, 10, 15, 16 और 17 के विभिन्न क्षेत्रों का दौरा कर सफाई व्यवस्था की हकीकत परखी। जहां-जहां गंदगी मिली, वहां जिम्मेदार कर्मचारियों पर सीधे कार्रवाई की गई। जोन 16 के गांधी नगर मेन रोड और सब्जी मंडी क्षेत्र में कचरा पाए जाने पर आयुक्त ने गहरी नाराजगी जताई। तत्काल प्रभाव से सीएसआई मोहित पंवार का 2 दिन और दरोगा बबलु पारोचे का 3 दिन का वेतन काटने के निर्देश दिए गए। इसी प्रकार जोन 9 में जंजीरवाला चौराहा से मालवा मिल चौराहा के बीच शैल्बी हॉस्पिटल और बालीनाथ खेल प्रशाल क्षेत्र में गंदगी मिलने पर सफाई के निर्देश दिए गए, साथ ही वार्ड 47 के दरोगा दीपक नाहर का वेतन काटा गया। वहीं 10 में सफाई कार्य अपेक्षित स्तर पर नहीं मिलने पर संबंधित सीएसआई और सहायक सीएसआई का 3-3 दिन का वेतन काटने के आदेश जारी किए गए। वहीं झोन 15 के वार्ड 71 में भी खराब सफाई व्यवस्था पर दरोगा का 2 दिन का वेतन काटा गया। जोन 17 में एमआर-10 ब्रिज और बिडला स्कूल के पास निरीक्षण के दौरान एक गन्ने के रस विक्रेता को कचरा फैलाते पकड़ा गया, जिस पर चालानी कार्रवाई के निर्देश दिए गए।

## पुरानी रंजिश में कार में लगाई आग घटना का सीसीटीवी फूट जाए सामने

दैनिक इंदौर संकेत

**इंदौर** ● इंदौर के लसूडिया थाना क्षेत्र के सिल्वर पार्क कॉलोनी में हुई आगजनी की घटना का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। इस मामले में फरियादी सौरभ पाटोदिया की शिकायत पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में हर्षल गौड़, कृष्ण दामके और रोहित तंवर शामिल हैं। बताया जा रहा है कि फरियादी सौरभ पाटोदिया के साथ चल रहे पुराने विवाद के चलते आरोपियों ने घर और कार में पेट्रोल डालकर आग लगा दी थी। पुलिस ने तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर आरोपियों को गिरफ्तार करते हुए घटना में इस्तेमाल की गई टाटा नेक्सन कार भी जब्त कर ली है।

## आज एक अप्रैल से शुरू होगा नया शैक्षणिक सत्र और स्कूल चलें हम अभियान

दैनिक इंदौर संकेत

**इंदौर** ● इंदौर जिले में नवीन शिक्षण सत्र वर्ष 2026-27 एक अप्रैल से शुरू होगा। स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा इसे 'स्कूल चलें हम' अभियान के रूप में मनाया जाएगा। यह 4 अप्रैल तक चलेगा। अभियान में 4 अप्रैल तक प्रतिदिन शालाओं में विभिन्न कार्यक्रम होंगे। जिले का मुख्य कार्यक्रम आज एक अप्रैल को सुबह 9.45 बजे से शासकीय सांदीपनि मालव कन्या विद्यालय एमओजी लाइन महू नाका में आयोजित किया गया है। इस कार्यक्रम में 'स्कूल चलें हम' अभियान के राज्य स्तरीय कार्यक्रम का सीधा प्रसारण भी दिखाया जाएगा। इस कार्यक्रम को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव संबोधित करेंगे।

सांध्य दैनिक
# इंदौर संकेत

इंदौर, बुधवार 01 अप्रैल 2026

न्यूज ब्रीफ

### हर व्यक्ति को मर्यादित होकर जीवन जीना चाहिए : आचार्य शैलेंद्र तिवारी

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● हर व्यक्ति को मर्यादित होकर जीवन जीना चाहिए,जो अनन्य भाव से राम का स्मरण करते है उनके ऊपर राम कृपा जरूर होती है,जीवन में पुण्य करते रहे कभी पाप व छल नही करे, संसार में सबसे बड़ा सौभाग्यशाली वही जो परमात्मा के चरणों में अनुराग प्राप्त करें,संसार में हर व्यक्ति को अच्छे व्यक्ति का संग करना चाहिए, संगति अच्छी होगी तो व्यक्ति अच्छे मार्ग पर ही चलेगा,कथा को आखिरी दिन सुनने से सम्पूर्ण कथा सुनने का पुण्य मिलता है,व्यक्ति को जितना प्राप्त हो उसमे ही संतुष्ट होना चाहिए,भगवान का प्रतिदिन पूजन अर्चन करना चाहिए उनके स्मरण मात्र से ही सभी कार्यों में सफलता मिलती है,जीवन में सकरात्मकता बहुत आवश्यक है, जो परमात्मा के पास जाता है उसका मंगल और कल्याण होता ही होता है,कभी किसी से घृणा नहीं करना चाहिए,संतो की आज्ञा का पालन हमेशा करना चाहिए। यह बाते मंगलवार को आचार्य पं. शैलेंद्र तिवारी ने हुजुरगंज स्थित श्री सिद्ध हनुमान मंदिर द्वारा आयोजित नौ दिवसीय श्री राम कथा के आठवें दिन कही।

### भव्य कलश यात्रा के साथ श्री हनुमान मंदिर प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव की शुरुआत

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● दिव्य और अलौकिक स्वरूप में बने भवानी नगर स्थित श्री हनुमान मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव की शुरुआत भव्य कलश यात्रा के साथ हुई, 9 हजार से ज्यादा मातृशक्तियां सिर पर कलश लेकर निकली। जय श्री राम के जयकारों से पूरा यात्रा मार्ग गुंजायमान हुआ, आस्था का महासंगम जहां से भी गुजरा हर कोई इस में रम गया। हजारों भक्तो का जनसैलाब उमड़ा। आयोजन प्रमुख पार्षद सोनाली विजय परमार ने बताया कि श्री हनुमान मंदिर प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव की शुरुआत मंगलवार को कलश यात्रा के साथ हुई, मौनी बाबा आश्रम पर वेद मंत्रों के बीच पूजन अर्चन के साथ यात्रा शुरू हुई, यात्रा में हजारों मातृशक्तियो ने श्रद्धा के कलश उठाए, भजन गायक के राम नाम के भजनों पर मातृशक्तियां नाचते गाते चल रही थी। फूलों से सजे रथ पर सवार होकर हनुमान जी निकले। ढोल, तासे, बैण्ड- बाजे, शंखनाद व जयघोष करते युवाओं का दल देखते ही बन रहा था।हनुमान जी और रामजी की झांकी वानर सेना राजस्थानी कलाकार और हाथी आकर्षण का केंद्र रहे। यात्रा का जगह-जगह विभिन्न मंचों से गुलाब की पंखुड़िया बरसाकर स्वागत किया गया। मालवीय समाज चौधरी समाज सहित कई समाज जनों ने भी यात्रा का स्वागतकिया।

### मप्र वैश्य महासम्मेलन की ओर से राजवाडा चौक पर श्वेताम्बर जैन समाज के जुलूस का स्वागत

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● मध्यप्रदेश वैश्य महासम्मेलन की ओर से महावीर जयंती के उपलक्ष्य में मंगलवार को सुबह राजवाडा चौक पर संगठन के प्रदेश महामंत्री अरविन्द बागड़ी ने शहर के अन्य वैश्य घटकों के पदाधिकारियों के साथ श्वेताम्बर जैन समाज के जुलूस में शामिल होकर साथ चल रहे समाज बंधुओं का स्वागत किया और संतों, मुनियों एवं विद्वानों से शुभाशीष प्राप्त किए। बागड़ी ने बताया कि इस अवसर पर श्वेताम्बर जैन समाज के अनेक प्रमुख संगठनों के पदाधिकारी भी उपस्थित थे। विभिन्न संगठनों की ओर से भी जुलूस का स्वागत कर समाज बंधुओं को महावीर जयंती की बधाई एवं शुभकामनाएँ समर्पित की गई।

# खजराना गणेश मंदिर के 7 किलो सोने के मुकुट का काम अटका

## सोने के भाव और मजदूरी तीन गुना होने से रुका काम

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● खजराना गणेश मंदिर में बन रहे भगवान गणेश के 7 किलो सोने के मुकुट का काम अटक गया है, क्योंकि जब इस काम की शुरुआत की गई थी। उस वक्त सोने की कीमत कम थी। मगर भाव और मजदूरी बढ़ने के कारण ये काम अटक गया है। इसके अलावा अन्य देवी-देवताओं के भी मुकुट अभी नहीं बन पाए हैं। खजराना गणेश मंदिर में भगवान गणेश के नए सोने के मुकुट बनाने के लिए काम तेजी से किया गया था। मंदिर में जो पुराने मुकुट थे, जिनका इस्तेमाल कर और दानदाताओं के सहयोग से नए मुकुट तैयार किए जाने थे। इसके लिए एक समिति का भी गठन किया गया था।



### डिजाइन भी हो गई थी फाइनल

मंदिर के पुजारी पंडित अशोक भट्ट ने बताया कि नए मुकुट को लेकर सभी कवायदे हो चुकी थी। यहां तक की मुकुट की डिजाइन भी फाइनल हो गए थे। डिजाइन फाइनल करने के बाद उस वक्त चांदी में भगवान का मुकुट तैयार किया गया था, ताकि फाइनल डिजाइन तय करने और मुकुट की फिटिंग ली जा सके। चांदी का मुकुट बनाकर फिटिंग भी ले ली गई थी। जिसके बाद सोने का मुकुट तैयार किया जाना था। उन्होंने बताया कि जिस वक्त ये काम होना था उस समय सोने की कीमत 65 से 70 हजार रुपए तोला था। मगर अचानक सोने के भाव बढ़ने लगे ओर सोना डेढ़ लाख रुपए तोला तक पहुंच गया। इस कारण मुकुट बनाने में रुकावट आ गई है। इस काम में जो दानदाता सहयोग कर रहे थे। मगर मजदूरी भी बढ़ गई। इस कारण अभी मुकुट का काम रुका हुआ है। इस काम की मजदूरी भी लगभग तीन गुना हो गई है।

### दानदाताओं से की अपील

सोने के मुकुट का काम पूरा कराने के लिए पं.भट्ट ने दानदाताओं से अपील की है कि वे खुलकर दान करें, ताकि ये प्रक्रिया दोबारा शुरू की जा सके और भगवान गणेश का सहित पांचों सोने के मुकुट तैयार हो सके। बता दें कि भगवान को स्वर्ण मुकुट और सोने की अन्य ज्वेलरी खास मौके पर ही पहनाई जाती है या कहा जाए कि भगवान का स्वर्ण श्रृंगार किया जाता है।

### गणेश परिवार के लिए बनना थे स्वर्ण मुकुट

पं.भट्ट ने बताया कि खजराना गणेश में भगवान गणेश, रिद्धि-सिद्धि, शुभ-लाभ ऐसे पांच सोने के मुकुट बनना थे। भगवान गणेश का सोने का मुकुट लगभग 7 किलो का बनना था। मंदिर प्रबंधन समिति के पास 5 किलो सोना उपलब्ध है। मगर सोने की कीमत बढ़ने से सोने के मुकुट का काम अटक गया है। बता दे कि खजराना गणेश मंदिर लाखों भक्ति की आस्था का केंद्र है। जहां रोजाना हजारों भक्त दर्शन करने के लिए दूर-दूर से आते हैं।

## 41 वर्ष विद्युत सेवा देने वाले अभियंता को विदाई



**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● मप्र विद्युत मंडल, वर्तमान में पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी में 41 वर्ष तक दीर्घकालीन सेवाएं देने वाले वरिष्ठ अभियंता डीके श्रीवास्तव मंगलवार को सेवानिवृत्त हो गए। इस अवसर पर प्रबंध निदेशक कार्यालय सभागार में सेवानिवृत्ति सह विदाई समारोह का आयोजन मुख्य महाप्रबंधक प्रकाश सिंह चौहान के आतिथ्य में आयोजित किया गया। चौहान एवं श्रीवास्तव ने सेवाओं को लेकर विचार रखे। विदाई समारोह में मुख्य अभियंता कार्य एसएस करवाड़िया, अतिरिक्त मुख्य अभियंता सुरेश चंद्र वर्मा, संयुक्त सचिव संजय मालवीय, पवन जैन आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

## दूध की दर कलेक्टर तय करे हर साल दाम बढ़ाने पर कांग्रेस सेवादल मिलेगा मुख्यमंत्री से

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● इंदौर दुग्ध संघ द्वारा आज से दूध के दामों में 3 रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी किए जाने पर विरोध तेज हो गया है। जिला कांग्रेस सेवादल के कार्यकारी अध्यक्ष विवेक खंडेलवाल ने इस फैसले को आम जनता के साथ अन्याय बताते हुए कहा कि इस मुद्दे को लेकर जल्द ही मुख्यमंत्री से मुलाकात कर शिकायत की जाएगी। खंडेलवाल ने कहा कि पिछले कई वर्षों से यह देखा जा रहा है कि जैसे ही गर्मी का मौसम शुरू होता है, दुग्ध संघ पशु आहार की लागत बढ़ने का हवाला देकर दूध के दाम बढ़ा देता है। जबकि हकीकत यह है कि इस बढ़ोतरी का कोई ठोस और पारदर्शी आधार सामने नहीं रखा जाता। हर वर्ष इसी बहाने से आम जनता पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ डाल दिया जाता है। उन्होंने आरोप लगाया कि दुग्ध संघ लाभ कमाने के उद्देश्य से बार-बार कीमतों में वृद्धि करता है, जबकि आम उपभोक्ता की आय में इस अनुपात में वृद्धि नहीं होती। इसके अलावा दूध की गुणवत्ता को लेकर भी गंभीर सवाल हैं। फेट के नाम पर उपभोक्ताओं से अतिरिक्त पैसे वसूले जाते हैं, लेकिन उसी स्तर की गुणवत्ता का दूध उपलब्ध नहीं कराया जाता। विवेक खंडेलवाल ने मांग की है कि दूध के दाम तय करने का अधिकार कलेक्टर को दिया जाए, ताकि मनमानी पर रोक लग सके और मूल्य निर्धारण में पारदर्शिता आए।

## भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष चावड़ा ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के आरोपों पर दी कड़ी प्रतिक्रिया

**भोपाल (एजेंसी)** ● भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष जयपाल सिंह चावड़ा ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी द्वारा समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी की तारीख आगे बढ़ाने को लेकर लगाए गए आरोपों पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि कांग्रेस कभी किसानों की हितैषी नहीं रहीं। कांग्रेस पार्टी और उसके नेता किसानों के नाम पर सिर्फ वोट बैंक की राजनीति करते हैं। उन्होंने कहा कि पश्चिम एशिया में युद्ध के कारण आमजनता को सर्वोच्च प्राथकिता देते हुए पेट्रोल, डीजल और एलपीजी गैस का उपयोग अन्य उद्योगों में नहीं हो रहा है। युद्ध के कारण पीपी, एचडीपी बैग के निर्माण में उपयोग किया जाने वाला पोलीमर की उपलब्धता में कमी आई है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार ने इस स्थिति से निपटने के लिए मध्यप्रदेश को 50 हजार जूट की गठाने का अतिरिक्त आवंटन किया है। साथ ही निर्बाध रूप से उपार्जन कराने के लिए केंद्र सरकार ने पीपी, एचडीपी बैग में भी समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन की अनुमति प्रदान कर दी है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व वाली मध्यप्रदेश की सरकार समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर किसानों के गेहूं का एक-एक दाना खरीदने के लिए तैयार है।

भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष जयपाल सिंह चावड़ा ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की सरकार किसानों के गेहूं को समर्थन मूल्य पर सुगमता से खरीदी के लिए बारदाने की उपलब्ध हेतु लगातार कार्य किया जा रहा है। केंद्र सरकार ने भी एक भर्ती बारदाना में गेहूं उपार्जन की अनुमति प्रदान कर दी है। उन्होंने कहा कि एक बार समर्थन मूल्य पर गेहूं की खरीदी शुरू होने के बाद किसानों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े और खरीदी निर्बाध रूप से जारी रहे, इसलिए इंदौर, उज्जैन, भोपाल व नर्मदापुरम संभाग में 10 अप्रैल से और प्रदेश के शेष संभागों में 15 अप्रैल से समर्थन मूल्य पर गेहूं की खरीदी प्रारंभ की जा रही है। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश के किसानों के गेहूं को समर्थन मूल्य पर खीरीद पर कोई परेशानी न आए, इसके लिए केंद्र सरकार द्वारा मध्यप्रदेश सरकार का लगातार सहयोग किया जा रहा है, इसके लिए मैं प्रदेश के किसानों की ओर से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी का आभार व्यक्त करता हूं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व वाली मध्यप्रदेश की भाजपा सरकार सदैव किसानों के साथ है।

## रतलाम मण्डल से होकर तीन जोड़ी ग्रीष्मकालीन स्पेशल ट्रेनें

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ●पश्चिम रेलवे के रतलाम मण्डल द्वारा यात्रियों की सुविधा तथा विशेष रूप से ग्रीष्?मकालीन छुट्टियों के दौरान बढ़ती यात्रा मांग को ध्यान में रखते हुए विशेष किराये पर बांद्रा टर्मिनस-वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी, बांद्रा टर्मिनस- सूबेदारगंज तथा उधना -आगरा कैंट के बीच विशेष किराए पर तीन जोड़ी ग्रीष्मकालीन स्पेशल ट्रेनें चलाई जाएंगी। पश्चिम रेलवे रतलाम मंडल के जनसंपर्क अधिकारी मुकेश कुमार के अनुसार इन ट्रेनों का विवरण निम्नानुसार है: ट्रेन संख्या 02200 बांद्रा टर्मिनस - वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी स्पेशल प्रत्येक शनिवार को बांद्रा टर्मिनस से 05.10 बजे प्रस्थान कर रतलाम मंडल के दाहोद (12.43/12.45), रतलाम (14.30/14.40), नागदा (15.43/15.45), उज्जैन (16.55/17.10) एवं मक्सी (18.00/18.02), होते हुये अगले दिन 05.00 बजे वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी पहुंचेगी। यह ट्रेन 04 अप्रैल से 11 जुलाई, 2026 तक चलेगी। इसी प्रकार, ट्रेन संख्या 02199 वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी - बांद्रा टर्मिनस स्पेशल प्रत्येक गुरुवार को वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी से 16.50 बजे प्रस्थान कर रतलाम मंडल के मक्सी (03.05/03.07), उज्जैन (03.50/04.00), नागदा (05.08/05.10), रतलाम (06.05/06.15), एवं दाहोद (07.39/07.41), होते हुये अगले दिन 16.10 बजे बांद्रा टर्मिनस पहुंचेगी। यह ट्रेन 02 अप्रैल से 09 जुलाई, 2026 तक चलेगी।

## अग्रवाल परिषद की ओर से वरिष्ठ समाजसेवी बंधुओं का किया गया आत्मीय सम्मान

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● अग्रवाल समाज की अग्रणी संस्था अग्रवाल परिषद ने अपने 33वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में अग्रवाल समाज के उन 21 वरिष्ठ सदस्यों का साउथ तुकोगंज स्थित शांति मंडपम सभागृह में आयोजित गरिमामय समारोह में आत्मीय सम्मान किया, जिन्होंने अपनी जीवन यात्रा के 75 वर्ष पूर्ण कर समाज में विशिष्ट स्थान बनाया है। परिषद के अध्यक्ष मनीष खजांची, सचिव राजेश नागोरी एवं राजेंद्र अग्रवाल ने बताया कि समाज के वरिष्ठ सदस्यों के सम्मान की परम्परा को कायम रखकर आगे बढाते हुए परिषद ने अपने 21 समर्पित और सेवाभावी बंधुओं का सम्मान किया, जिन्होंने जिन्होंने अपने सुदीर्घ जीवनकाल में समाजसेवा और अन्य क्षेत्रों में विशिष्ट उपलब्धियां अर्जित कर समाज को उपकृत किया है। जिन समाज बंधुओं का सम्मान किया गया उनमें से ओमप्रकाश सिंघल आकाश सहित अनेक ऐसे बंधु भी मौजूद रहे, जिन्होंने 80 वर्ष की आयु तय कर लेने के बावजूद अपनी चुस्ती फुर्ती के बारे में कई रहस्य भी युवा सदस्यों को बताए और उनसे आग्रह किया कि वे अपने जीवन में, विशेषकर आज के दौर में अपने खानपान में विशेष संतुलन बनाए और नियमित योग के माध्यम से अधिक उम्र में भी स्वस्थ रहने का प्रयास करें। इस कार्यक्रम में वरिष्ठ समाजसेवी प्रेमचंद-कनकलता, शंकरलाल-ज्योति गर्ग, विजय-मंजू बंसल एवं योगेश-उमा चौखानी का सम्मान किया गया। संचालन अनिल गोयल ने किया और आभार माना शिव जिंदल ने।

## हनुमान जन्मोत्सव पर संगीतमय सुंदरकांड पाठ का आयोजन

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● श्री माहेश्वरी युवा संगठन, पूर्वी क्षेत्र द्वारा हनुमान जन्मोत्सव के पावन अवसर पर गीता भवन मंदिर में संगीतमय सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया जा रहा है। संगठन के अध्यक्ष मधुरम् राठी एवं मंत्री अरविन्द करनाणी के जानकारी देते हुए बताया कि दिव्यांग दृष्टिजन द्वारा ब्रेल लिपि के माध्यम से सुंदरकांड पाठ किया जाएगा, जो श्रद्धालुओं के लिए एक अनूठा एवं प्रेरणादायक अनुभव होगा। आयोजन में मधुर स्वर लहरियों के साथ भक्ति रस से परिपूर्ण सुंदरकांड पाठ प्रस्तुत किया जाएगा। कार्यक्रम के संयोजक विकास मूंदड़ा, चिराग परतानी, सुयश मूंदड़ा व संगठन के पदाधिकारियों ने सभी धर्मप्रेमी जनों से कार्यक्रम में उपस्थित होकर धर्मलाभ लेने का आग्रह किया है।

## समाजसेवी रमेश अग्रवाल की पुण्य स्मृति में 12 अप्रैल को माहेश्वरी मांगलिक भवन पर निशुल्क स्वास्थ्य शिविर

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● अंतर्राष्ट्रीय और राष्ट्रीय स्तर पर वैश्य घटकों को विशिष्ट पहचान दिलाने वाले, वैश्य समाज के गौरव एवं वरिष्ठ समाजसेवी ब्रह्मलीन रमेशचंद्र अग्रवाल की 9वीं पुण्यतिथि पर 12 अप्रैल को समाजसेवी दिनेश मित्तल एवं दिनेश-राज मित्तल फाउंडेशन के सहयोग से सुबह 10 बजे से एबी रोड स्थित माहेश्वरी मांगलिक भवन (चिड़ियाघर के सामने) पर आयोजित किए जाने वाले 'निशुल्क स्वास्थ्य जाँच एवं परामर्श शिविर' पर चर्चा करने एवं अधिक से अधिक लोगों को इस सेवा का लाभ दिलाने के उद्देश्य से शहर के 100 से अधिक वैश्य घटकों की आवश्यक बैठक बुधवार 1 अप्रैल को रात 8 बजे मल्हारगंज थाने के पास स्थित फतेहपुरिया समाज भवन पर रखी गई है।

सांध्य दैनिक
इंदौर संकेत

आपकी बात, इंदौर संकेत के साथ



डिजिटल रूप से लाखों पाठकों के साथ अपना नियमित संपर्क बनाते हुए दैनिक इंदौर संकेत अब एक नई ऊंचाइयों को छू रहा है। आप भी अपने संस्थान, उत्पाद, संस्था का प्रचार-प्रसार दैनिक इंदौर संकेत के माध्यम से सकते हैं। इसके तहत आप चाहे प्रापर्टी व्यवसाय से जुड़े हैं या कोई बधाई संदेश देना है या जन्मदिन की शुभकामनाएं हो या कोई अन्य कैटेगरी में विज्ञापन देना चाहते हैं तो न्यूनतम दर पर प्रकाशित करने के लिए संपर्क कर सकते हैं। दैनिक इंदौर संकेत संवेदनापूर्ण संदेशों को लेकर अत्यंत संवेदनशील है। इसीलिए इस समाचार पत्र में शोक संदेश नि:शुल्क प्रकाशित किए जाएंगे।

कार्यालय का पता

5/6, राज मोहल्ला, महेश नगर, गुरुद्वारे के सामने, इंदौर

संपर्क: 94250-64357, 94245-83000

# सम्पादकीय

## हर हादसे के बाद वही कहानी, आखिर क्यों नहीं रुक रहीं भगदड़ में होती मौतें

सबसे अधिक चिंता की बात यह है कि भगदड़ की घटनाएं लगभग वैसे ही कारणों से होती हैं, जैसे पहले हो चुकी होती हैं। हर बार जांच, कठोर कार्रवाई करने, सबक सीखने की बातें की जाती हैं, लेकिन नतीजा ढाक के तीन पात वाला ही रहता है। केंद्र और राज्य सरकारों के दावों के बावजूद देश में भगदड़ की घटनाओं का सिलसिला थम नहीं रहा है। बिहार में नालंदा जिले के मघड़ा गांव में मंगलवार को प्राचीन शीतला माता मंदिर में ऐसी ही एक हृदय विदारक घटना में कम से कम आठ श्रद्धालुओं की मौत हो गई, जिनमें अधिकतर महिलाएं थीं। यह हादसा बताता है कि इस तरह की पहले की घटनाओं से कहीं कोई सबक नहीं लिया गया। प्रारंभिक जांच में इस भगदड़ का कारण मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ जुटना बताया जा रहा है, हालांकि इसकी असली वजह गहन जांच-पड़ताल के बाद ही सामने आ पाएगी। सवाल है कि धार्मिक स्थलों और बड़े आयोजनों में लोगों की भीड़ को व्यवस्थित एवं नियंत्रित करने के लिए शासन एवं प्रशासन की ओर से पुख्ता बंदोबस्त क्यों नहीं किए जाते? सबसे अधिक चिंता की बात यह है कि भगदड़ की घटनाएं लगभग वैसे ही कारणों से होती हैं, जैसे पहले हो चुकी होती हैं। हर बार जांच, कठोर कार्रवाई करने, सबक सीखने की बातें की जाती हैं, लेकिन नतीजा ढाक के तीन पात वाला ही रहता है। गौरतलब है कि पिछले कुछ माह में भगदड़ की कई बड़ी घटनाएं हो चुकी हैं। कुंभ में भगदड़ मचने से अनेक लोग मारे गए थे। इसके बाद बंगलुरु में आरसीबी की जीत के जश्न में आयोजित समारोह में भगदड़ से कई लोगों की मौत हो गई। इसके अलावा पुरी में भगदड़ ने कई लोगों की जान ले ली थी। इससे पहले हाथरस के एक आश्रम में भगदड़ की वजह से बड़ी संख्या में लोगों के मारे जाने की घटना को भी नहीं भूला जा सकता। आखिर ऐसी कितनी घटनाओं के बाद शासन और प्रशासन चेतेगा। कहा जा रहा है कि नालंदा जिले में शीतला माता मंदिर में श्रद्धालुओं की अत्यधिक भीड़ जमा हो गई, जिससे भगदड़ मच गई। सवाल है कि स्थानीय प्रशासन धार्मिक स्थलों पर लोगों की संभावित भीड़ का अनुमान लगाने में इतना अक्षम क्यों है? क्या इसका कारण उसकी संवेदनहीनता है या फिर संबंधित अधिकारी इस बात से निश्चिंत होते हैं कि कोई भी घटना हो जाए, उनका कुछ नहीं बिगड़ने वाला। यह देखा गया है कि इस तरह के मामलों में निचले स्तर के कर्मियों पर तो तात्कालिक कार्रवाई की जाती है, लेकिन संबंधित अधिकारियों की जिम्मेदारी तय नहीं की जाती है।

# बढ़ता जा रहा है किडनी खरीद फरोक्त का धंधा, कानपुर में 60 लाख में हुई किडनी की डील

कानपुर में किडनी रैकेट मामले हाल ही में अख़बारों की सुर्खिया बनी है । हालिया कांड में जिन तीन प्राइवेट अस्पतालों का नाम सामने आ रहा है, उनमें से एक के पास रजिस्ट्रेशन भी नहीं है। पूरा अस्पताल ही अवैध तरीके से संचालित हो रहा है। इसकी जानकारी खुद स्वास्थ्य विभाग को तब हुई जब मामला सामने आने के बाद स्वास्थ्य विभाग की टीम पुलिस की टीम के साथ निरीक्षण करने पहुंची। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार, मामले में 50 से ज्यादा अस्पताल रडार पर हैं जिनकी जांच की जा रही है। पुलिस और स्वास्थ्य विभाग की टीम संयुक्त रूप से देर रात तक जांच में जुटी रही। बताया जाता है कि सोमवार को पुलिस की सूचना पर स्वास्थ्य विभाग से एसीएमओ डॉ। रमित रस्तोगी और कल्याणपुर सीएचसी प्रभारी डॉ। राजेश सिंह व टीम के अन्य अधिकारियों ने तीनों अस्पतालों का निरीक्षण किया। अधिकारियों के अनुसार, इस मामले कई वरिष्ठ डॉक्टरों से भी पूछताछ की जा रही है, कुछ चिकित्सक कई बड़ी संस्थाओं से भी जुड़े हैं। एसीएमओ ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग और पुलिस ऐसे डॉक्टरों की भी तलाश कर रही हैं जो सर्जन या नेफ्रोलॉजिस्ट हैं। सूत्रों के अनुसार मामले में जिन अस्पतालों के नाम सामने आ रहे हैं, उनके यहां छोटे ऑपरेशन की भी सुविधा नहीं है। इन अस्पतालों में किडनी ट्रांसप्लांट के लिए बाहर से डॉक्टर बुलाए जाते हैं। चिकित्साधिकारियों के अनुसार ऐसे डॉक्टरों से भी पूछताछ की जाएगी।

कानपुर के बड़े किडनी रैकेट का भंडाफोड़ होने के बाद एक बार फिर किडनी की खरीद-फरोख्त और अंग प्रत्यारोपण की व्यवस्था पर सवाल उठाए जाने लगे हैं। डाक्टर कहते हैं कि देश में किडनी के मरीजों की संख्या अधिक और अंगदान कम होने के कारण किडनी खरीद-फरोख्त का रैकेट चल रहा है। इसको लेकर कड़े कानून होने के बावजूद पहले की तुलना में अब अधिक रकम पर किडनी की खरीद-बिक्री होती है। लिहाजा डाक्टर कैडेवर डोनर (ब्रेन डेड होने के बाद अंगदान) किडनी प्रत्यारोपण की सुविधा बढ़ाने की जरूरत बता रहे हैं।

एम्स के नेफ्रोलाजी विभाग के विभागाध्यक्ष डा। एसके अग्रवाल ने कहा कि इससे पहले भी देश के विभिन्न हिस्सों में किडनी रैकेट के मामले सामने आते रहते हैं। इसका कारण यह है कि करीब चार लाख मरीजों को किडनी प्रत्यारोपण की जरूरत है, जबकि हर साल सिर्फ करीब दस हजार मरीजों की ही किडनी प्रत्यारोपण सर्जरी हो पाती है। इसमें भी कैडेवर डोनर प्रत्यारोपण बहुत कम होता है। इसका कारण यह है कि डोनर उपलब्ध नहीं हो पाते। जीवित व्यक्ति के किडनी दान करने के लिए भी स्वस्थ होना जरूरी है।



ज्यादातर मरीजों के बुजुर्ग माता-पिता स्वास्थ्य कारणों से किडनी दान नहीं कर पाते। भाई-बहन और परिवार के अन्य सदस्य जल्दी किडनी दान नहीं करना चाहते। पुरुष मरीजों को ज्यादातर पत्नियां ही किडनी देती हैं।

मरीज महिला हो तो डोनर की समस्या और बढ़ जाती है। इस वजह से डोनर मिलना मुश्किल हो जाता है। ऐसे में किसी गैर व्यक्ति या महिला को रिश्तेदार या पत्नी बताकर डोनर के रूप में लाया जाता है। इसका सत्यापन करना बेहद मुश्किल होता है, क्योंकि फर्जी पहचान पत्र भी आसानी से बन जाते हैं। इस रैकेट से मरीज की भी पूरी मिलीभगत होती है। डाक्टर बताते हैं कि देश में सड़क हादसे में हर साल लगभग डेढ़ लाख लोगों की मौत होती है। इनमें से ज्यादातर लोगों का अंगदान संभव हो सकता है। लेकिन, जागरूकता के अभाव में अंगदान बहुत कम होता है। स्थिति यह है कि एक लाख की आबादी पर भारत में एक व्यक्ति भी यहां अंगदान नहीं करता, जबकि स्पेन में एक लाख की आबादी में 48 लोग अंगदान करते हैं। डाक्टर बताते हैं कि कभी एक से दो लाख रुपये में किडनी बिकती थी, जबकि आज एक आम मरीज भी 20 से 25 लाख रुपये तक देने के लिए तैयार रहता है। हालांकि, इस रैकेट में गिरफ्तार आरोपित ने खुद कुबूल किया है कि वे मरीजों से प्रति किडनी 40 से 70 लाख रुपये तक वसूलते थे। दुर्भाग्य की बात यह है कि आर्थिक रूप से कमजोर कई परिवार के लोग भी पैसे के लिए किडनी बेचने के लिए राजी हो जाते हैं। राम मनोहर लोहिया अस्पताल के यूरोलाजी विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष डा। राजीव सूद के अनुसार किडनी रैकेट में शामिल लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जरूरी है। साथ ही सड़क हादसों में जान गंवाने वाले लोगों का अंगदान बढ़ाना जरूरी है। अभी अंगदान के लिए लोगों में जागरूकता का अभाव है। इसलिए बहुत कम लोग अंगदान करते हैं। स्पेन में अंगदान अनिवार्य है। इस तरह कानून यहां भी होना चाहिए। हाल की एक घटना के अनुसार बाईस वर्षीय अमोन किप्रुटो मेली ने सोचा था कि अपनी किडनी बेचकर वह एक नई और बेहतर जिंदगी शुरू कर सकेगा। कोविड महामारी के बाद पश्चिमी केन्या के एक गांव में उसका जीवन कठिन हो गया था। वह स्थिर आय कमाने के लिए संघर्ष कर रहा था और एक नौकरी से दूसरी नौकरी बदलता रहा – कभी कार डीलर पर, कभी निर्माण स्थल पर, कभी अन्य जगहों पर।

फिर एक दिन, एक दोस्त ने उसे 6,000 डॉलर (5,300 यूरो) कमाने का एक आसान और तेज़ तरीका बताया। एमोन ने कहा, 'उसने मुझसे कहा कि अपनी किडनी बेचना एक अच्छा सौदा होगा।' यह किस्मत का एक अच्छा मौका लगा, लेकिन इसने उसे शोषण, हताशा और पछतावे के एक अंधेरे जाल में फंसा दिया।यह रिपोर्ट जर्मन मीडिया आउटलेट्स डेर स्पीगल , जेडडीएफ और डीडब्ल्यू द्वारा महीनों तक चले एक संयुक्त जांच का परिणाम है , जिन्होंने मिलकर अंग विक्रेताओं और खरीदारों के रास्तों का पता लगाया, दस्तावेजों का विश्लेषण किया, मुखबिरों और चिकित्सा पेशेवरों से बात की, और यह उजागर किया कि कैसे एक अंतरराष्ट्रीय नेटवर्क – केन्या के एक अस्पताल से लेकर जर्मनी से अंग प्राप्तकर्ताओं को आकर्षित करने वाली एक गुप्त एजेंसी तक फैला हुआ – दोनों छोर पर कमजोर लोगों का शोषण करता है: पैसे के लिए बेताब युवा और जीवन रक्षक अंग के लिए बेताब बुजुर्ग। पश्चिमी केन्या में अपने घर में अमोन किप्रुटो मेली और उनकी मां लेआ मेट्टो अमोन जैसे छोटे बच्चों के माध्यम से पैसा कमा रहे हैं। बताया जाता है कि अमोन किप्रुटो मेली की मुलाकात एक बिचौलिए से हुई जिसने पश्चिमी केन्या के एल्डोरेट शहर में स्थित मेडिहील अस्पताल तक परिवहन की व्यवस्था की। अमोन का कहना है कि वहां उनका स्वागत भारतीय डॉक्टरों ने किया जिन्होंने उन्हें अंग्रेजी में दस्तावेज सौंपे, जो भाषा उन्हें समझ में नहीं आती थी।उन्होंने बताया कि उन्हें किसी भी स्वास्थ्य जोखिम के बारे में सूचित नहीं किया गया था। 'उन्होंने मुझे कुछ भी नहीं समझाया। मुझे ले जाने वाले व्यक्ति ने हमारे आसपास के लोगों की ओर इशारा करते हुए कहा: देखो, इन सभी ने दान दिया है, और ये काम पर भी वापस जा रहे हैं। 'ऑपरेशन के बाद, उसे वादे के मुताबिक 6,000 डॉलर के बजाय सिर्फ 4,000 डॉलर ही मिले। इससे उसने एक फोन और एक कार खरीदी जो जल्दी ही खराब हो गई। कुछ समय बाद, उसकी सेहत बिगड़ गई। उसे चक्कर आने लगे, कमजोरी महसूस होने लगी और आखिरकार वह घर पर बेहोश हो गया। अस्पताल में, उसकी मां, लिआ मेट्टो, यह जानकर हैरान रह गईं कि उनके बेटे ने अपनी किडनी बेच दी थी। उन्होंने कहा, 'वे अमोन जैसे नादान बच्चों का इस्तेमाल करके पैसा कमा रहे हैं।'

अमोन की कहानी ऐसी कई कहानियों में से एक लगती है। नैरोबी स्थित इंस्टीट्यूट ऑफ सिक्योरिटी स्टडीज इन अफ्रीका के संगठित अपराध शोधकर्ता विलिस ओकुमु ने कई युवकों से बात की है जिन्होंने उन्हें बताया कि उन्होंने एल्डोरेट से 180 किलोमीटर (112 मील) दक्षिण-पश्चिम में स्थित ओयुगिस कस्बे में अपने गुर्दे बेचे थे। उन्होंने कहा, 'यह सचमुच संगठित अपराध है।' ओकुमु का अनुमान है कि अकेले ओयुगिस में ही लगभग सौ युवकों ने अपने गुर्दे बेचे होंगे, जिनमें से कई स्वास्थ्य समस्याओं के साथ-साथ अवसाद और मानसिक आघात से भी पीड़ित हैं। ओकुमु ने आगे कहा, 'मुझे नहीं लगता कि वे 60 साल की उम्र तक पहुंच पाएंगे।' इस विषय पर उनका अपना शोध जनवरी में इंटरपोल द्वारा कार्यान्वित एक परियोजना, एनैक्ट में प्रकाशित हुआ था। शोधकर्ता विलिस ओकुम के अनुसार ' मुझे नहीं लगता कि वे 60 तक पहुंच पाएंगे। वास्तव में यह संगठित अपराध है। 'डीडब्ल्यू ने ओयुगिस के चार युवकों से बात की, जिन्होंनेबताया कि उन्होंने अपने गुर्दे मात्र 2,000 डॉलर में बेच दिए। उन्होंने बताया कि एल्डोरेट के मेडिहील अस्पताल में सर्जरी के बाद, दलालों ने उनसे प्रत्येक को 400 डॉलर कमीशन देकर नए दाता भर्ती करने को कहा। केन्याई कानून के अनुसार , रिश्तेदारों को या परोपकारी कारणों से अंगदान करना अनुमत है । नाम न छापने की शर्त पर डीडब्ल्यू से बात करते हुए, मेडिहील अस्पताल के एक पूर्व कर्मचारी ने खुलासा किया कि प्रत्यारोपण की खरीद-फरोख्त कई साल पहले शुरू हुई थी। शुरुआत में, प्राप्तकर्ता सोमालिया से आते थे और दाता केन्या से। लेकिन फिर, 2022 में, प्राप्तकर्ता इज़राइल से आने लगे और 2024 से जर्मनी से भी आने लगे। इन ग्राहकों के लिए, जो अच्छी कीमत देते हैं, दाताओं को अज़रबैजान, कजाकिस्तान या पाकिस्तान जैसे देशों से हवाई जहाज से लाया जाता है।

**अशोक भाटिया,** वरिष्ठ स्वतंत्र पत्रकार, लेखक, समीक्षक एवं टिप्पणीकार

# आंचलिक

## नगर पालिका ने 16 में से 10 करोड़ जुटाए; बकायादारों पर जारी रहेगा दबाव



**दैनिक इंदौर संकेत**

**खरगोन** ● नगर पालिका ने वित्तीय वर्ष के अंतिम दिन सोमवार को बकाया करों की वसूली के लिए विशेष अभियान चलाया। इस दौरान ढोल-ताशे बजाकर बकायादारों से लगभग आठ लाख रुपये की वसूली की गई। राजस्व विभाग की टीम ने राजस्व निरीक्षक राजेंद्र चौहान के नेतृत्व में एमजी रोड पर उन दुकानदारों के प्रतिष्ठानों पर पहुंचकर करों की वसूली की, जिन पर बकाया था। यह अभियान बीते एक सप्ताह से जारी है, जिसमें बकायादारों को जागरूक कर वसूली की जा रही है। राजस्व निरीक्षक राजेंद्र चौहान ने बताया कि नगर पालिका का संपत्ति कर, जलकर और दुकान किराए सहित विभिन्न करों के रूप में कुल 16 करोड़ रुपए बकाया हैं। इस अभियान के तहत अब तक 10 करोड़ रुपये की वसूली की जा चुकी है। उन्होंने यह भी बताया कि वसूली अभियान फिलहाल जारी रहेगा।

## पराली जलाने पर 6 किसानों पर जुर्माना बोरुठ के खेतों में मिले अवशेष



**दैनिक इंदौर संकेत**

**खरगोन** ● भीकनगांव क्षेत्र में पराली जलाने के आरोप में छह किसानों पर जुर्माना लगाया गया है। कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी भव्या मित्तल ने इन किसानों पर 2,500 से 15,000 रुपए तक का जुर्माना लगाया है। कलेक्टर मित्तल ने रविवार को बोरुठ के मोहनपुरा में खेत-तालाब योजना और एचपीवी वैक्सीनेशन कैंप का निरीक्षण किया था। इस दौरान उन्हें खेतों में पराली जलाने की घटनाएं मिलीं, जिस पर उन्होंने राजस्व अधिकारियों को सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए। रिपोर्ट के आधार पर श्रवण पिता छगन, सोमा पिता छगन, रितेश पिता कमलचंद, चेतराम पिता मुकुंद, सुशीला पति दुलीचंद, सुमनबाई बेवा गणपत और अजय पिता गणपत पर यह कार्रवाई की गई है। पांच दिन पहले भी खरगोन के दामखेड़ा क्षेत्र में दो किसानों पर इसी तरह की जुर्माना कार्रवाई की गई थी।

## उर्वरक वितरण के लिए ई-विकास सिस्टम लागू, आज से ऑनलाइन पारदर्शी व्यवस्था शुरू

**दैनिक इंदौर संकेत**

**बुरहानपुर** ● कृषि आदान विक्रेताओं के लिए उर्वरक वितरण की नई 'ई-विकास प्रणाली' पर प्रशिक्षण आयोजित किया गया। यह प्रणाली कल (1 अप्रैल) से पूरी तरह लागू होगी, जिसका उद्देश्य किसानों को समय पर और पारदर्शी तरीके से उर्वरक उपलब्ध कराना है। कलेक्टर हर्ष सिंह के मार्गदर्शन में 'कृषक कल्याण वर्ष' के तहत कृषि विभाग किसानों को नई तकनीकों से जोड़ने के लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर रहा है। इसी कड़ी में कृषि उपज मंडी केला नीलामी सभागृह में इस ऑनलाइन प्रणाली का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में उपसंचालक कृषि एम.एस. देवके ने कृषि आदान विक्रेताओं को ई-विकास प्लेटफॉर्म के माध्यम से उर्वरक वितरण की पूरी प्रक्रिया विस्तार से समझाई।

### आसानी से उर्वरक मिल सकेगा

इस प्रणाली का मुख्य उद्देश्य जिले में शत-प्रतिशत पारदर्शी उर्वरक वितरण सुनिश्चित करना है। इससे किसानों को समय पर और आसानी से उर्वरक मिल सकेगा, साथ ही कालाबाजारी, अधिक दर और अन्य अनियमितताओं पर प्रभावी नियंत्रण रखा जा सकेगा। उपसंचालक देवके ने बताया कि मध्य प्रदेश शासन द्वारा लागू की गई यह नवीन प्रणाली 1 अप्रैल से पूर्ण रूप से लागू की जा रही है। नई व्यवस्था से किसानों को उनकी फसल की वैज्ञानिक अनुशंसा के अनुसार लक्षित रूप में उर्वरक प्राप्त होगा। संतुलित पोषक तत्वों के उपयोग से फसलों की उत्पादकता में भी उल्लेखनीय वृद्धि होने की उम्मीद है। प्रशिक्षण कार्यक्रम में वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी प्रताप सिंह जमरे, एसएडीओ राम पाटिल, प्रभारी जिला विपणन अधिकारी संदीप इंगले, कृषि विस्तार अधिकारी जे.एस. चौहान, अखिलेश रावत सहित बड़ी संख्या में कृषि आदान विक्रेता उपस्थित रहे।

## जिला अस्पताल में लगे 5 नए वॉटर कूलर लगाए, अटेंडरों को नहीं होगी परेशानी

**दैनिक इंदौर संकेत**

**बुरहानपुर** ● जिला अस्पताल में मरीजों और उनके परिजनों को अब पीने के पानी के लिए परेशान नहीं होना पड़ेगा। गर्मी के मौसम में हर साल होने वाली समस्या को देखते हुए अस्पताल में पांच नए वॉटर कूलर लगाए गए हैं, जिनसे ठंडा आरओ पानी मिलना शुरू हो गया है। अस्पताल में लंबे समय से कई वॉटर कूलर खराब पड़े थे, जिससे लोगों को दिक्कत होती थी। अब उनकी जगह नए और उच्च क्षमता वाले कूलर लगाए गए हैं, जो 24 घंटे ठंडा पानी उपलब्ध कराएंगे।




### अस्पताल के पांच प्रमुख स्थानों पर की गई व्यवस्था

जिला अस्पताल प्रबंधक धीरज चौहान के अनुसार, नए वॉटर कूलर डिलीवरी वार्ड, पोस्टमार्टम रूम, कैंटीन, औषधि वितरण केंद्र और ओपीडी के पास लगाए गए हैं, ताकि अधिक से अधिक लोगों को सुविधा मिल सके। सिविल सर्जन डॉ. दर्पण टोके ने कहा कि इस पहल से मरीजों को बड़ी राहत मिलेगी और अस्पताल में पेयजल की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित हो सकेगी। अस्पताल में मरीजों और परिजनों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए बर्तन धोने के लिए अलग से नल की व्यवस्था भी की गई है, जिससे स्वच्छता बनाए रखने में मदद मिलेगी।

## संजीवनी क्लिनिक 2 साल से शुरू नहीं,डॉक्टरों की नियुक्ति नहीं

**दैनिक इंदौर संकेत**

**बुरहानपुर** ● नेपानगर स्थित वार्ड नंबर 8 में लाखों रुपए की लागत से निर्मित संजीवनी क्लिनिक दो साल से अधिक समय से शुरू नहीं हो पाया है। डॉक्टरों और अन्य स्टाफ की नियुक्ति न होने तथा संसाधनों की कमी के कारण यह भवन बनकर तैयार होने के बावजूद निष्क्रिय पड़ा है। इससे आम जनता को उपचार के लिए 3 किलोमीटर दूर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जाना पड़ रहा है। स्वास्थ्य विभाग ने शहर के बीच स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से पुराने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में लगभग 22 लाख रुपए की लागत से इस क्लिनिक का निर्माण कराया था। नगर पालिका ने इसे काफी पहले ही स्वास्थ्य विभाग को सौंप दिया था। हालांकि, दो साल से अधिक समय बीत जाने के बाद भी इसका संचालन शुरू नहीं हो सका है। सीएमएचओ डॉ. आरके वर्मा ने बताया कि इस संबंध में शासन को अवगत कराया गया है। उन्होंने कहा कि जब तक स्टाफ की नियुक्ति नहीं होती, क्लिनिक का संचालन संभव नहीं है। इस बीच, भवन धीरे-धीरे खराब होने लगा है और रात में असामाजिक तत्वों का जमावड़ा लगने से खिड़की-दरवाजों को भी नुकसान पहुंचाया जा रहा है। गौरतलब है कि जहां संजीवनी क्लिनिक का भवन बना है, वहीं पहले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र संचालित होता था। करीब तीन साल पहले स्वास्थ्य विभाग ने इसे शहर से 3 किलोमीटर दूर तहसील कार्यालय के सामने बने नए भवन में स्थानांतरित कर दिया था। नया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भी केवल एक रेफरल सेंटर बनकर रह गया है, जहां संसाधनों और सुविधाओं की कमी है, जिससे संजीवनी क्लिनिक का शुरू न होना स्थानीय लोगों के लिए बड़ी समस्या बन गया है।

## आज से दूध के दाम बढ़ेंगे, 64 प्रति लीटर मिलेगा; किसानों-व्यापारियों में 1 खरीदी मूल्य पर खींचतान जारी

**दैनिक इंदौर संकेत**

**बड़वाह** ● बड़वाह नगर में 1 अप्रैल से दूध की कीमतों में ?2 प्रति लीटर की वृद्धि होने जा रही है। दुग्ध व्यापारी संघ के निर्णय के बाद अब उपभोक्ताओं को दूध ?62 के बजाय ?64 प्रति लीटर के भाव पर मिलेगा। व्यापारी संघ के अध्यक्ष निलेश खंडेलवाल ने सोमवार को दुग्ध उत्पादक किसानों के साथ बैठक कर इस वृद्धि की आधिकारिक जानकारी साझा की है। व्यापारियों ने विक्रय मूल्य बढ़ाने के बाद अब खरीदी मूल्य को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। वर्तमान में व्यापारी किसानों से ?55 प्रति लीटर में दूध खरीदते हैं। व्यापारियों ने इसे ?57 करने का प्रस्ताव दिया है, जबकि किसान संघ के जिलाध्यक्ष नाजिम खान ?58 ( ?3 की वृद्धि) की मांग पर अड़े हैं। इस ?1 के अंतर को लेकर किसान अब आगामी आंदोलन की रणनीति तैयार कर रहे हैं। व्यापारियों का तर्क है कि खरीदी से बिक्री तक प्रति लीटर ?7 का मार्जिन रहता है, जिसमें दुकान के खर्च शामिल हैं। किसानों की मांग मानने पर यह मुनाफा घटकर ?6 रह जाएगा। वहीं, किसानों का कहना है कि गर्मियों में दूध उत्पादन कम हो जाता है और पशु आहार व रखरखाव के दाम बढ़ने से ?3 की वृद्धि अनिवार्य है। दूध के दाम बढ़ने का सीधा असर आम जनता के बजट पर पड़ेगा। विशेषज्ञों के अनुसार, कमर्शियल सिलेंडर की किल्लत से पहले ही खाद्य पदार्थ महंगे हैं, अब दूध की कीमतों में उछाल से चाय, मिठाई और अन्य दुग्ध उत्पादों के दाम भी बढ़ सकते हैं।

## वैभव सूर्यवंशी को भारतीय टीम में मिले मौका-मोहम्मद कैफ

**नई दिल्ली (एजेंसी)** ● 15 साल के वैभव सूर्यवंशी ने आईपीएल 2026 के अपने पहले मैच में महज 15 गेंदों में अर्द्धशतक जड़ दिया। चेन्नई के खिलाफ उन्होंने ताबड़तोड़ 52 रन बनाकर टीम को जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई। इसके बाद वैभव सूर्यवंशी की तारीफ हो रही है। सिर्फ तारीफ ही नहीं, बल्कि अब तक उनको सीनियर टीम में लाने की वकालत भी शुरू हो गई है। मोहम्मद कैफ के बाद इंग्लैंड के पूर्व कप्तान ने उनको भारतीय टीम में शामिल करने की अपील कर दी है। उन्होंने बीसीसीआई से अपील करते हुए कहा है कि इस युवा खिलाड़ी को आईपीएल के बाद इंग्लैंड भेजा जाना चाहिए। वहीं, माइकल वॉन ने कहा कि भले ही वह प्लेइंग इलेवन में न चुने जाएं, लेकिन उनको भारतीय टीम में मौका मिलना चाहिए। वॉन ने कहा, वह भारत के लिए अपना डेब्यू कब करेगा? मैं बस यही सोच रहा हूं और मुझे पता है कि शायद हम कुछ ज्यादा ही आगे की सोच रहे हैं।

## आईपीएल : लखनऊ सुपरजायंटस और दिल्ली कैपिटल्स का मुकाबला

**लखनऊ (एजेंसी)** ● लखनऊ सुपर जायंट्स बुधवार को इकाना क्रिकेट स्टेडियम में दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ आईपीएल में अपने अभियान की शुरुआत करेगी, तो कप्तान ऋषभ पंत पर प्रदर्शन में सुधार का काफी दबाव रहेगा। पिछले साल लखनऊ टीम के साथ बतौर कप्तान और स्टार बल्लेबाज अपने पहले साल में पंत अपेक्षाओं पर खरे नहीं उतर सके थे। इस साल उनके पास पूरी तरह से फिट टीम है और मोहम्मद शमी तथा एनरिच नाट्र्जे जैसे अनुभवी गेंदबाजों के आने से आक्रमण मजबूत हुआ है। अकसर चोटिल रहने वाले तेज गेंदबाज मयंक यादव ने पिछले एक साल में अपनी फिटनेस पर काफी काम किया है और लखनऊ को उम्मीद होगी कि वह उस भरोसे पर खरे उतरें जो टीम ने उन पर किया है। तेज गेंदबाज मोहसिन खान भी चोट से उबरकर वापसी कर रहे हैं, जबकि प्रिंस यादव ने मध्यम तेज गेंदबाजी से प्रभावित किया है। स्पिनर दिग्वेश सिंह राठी प्रदर्शन को दोहराना चाहेंगे। गेंदबाजी की तुलना में लखनऊ की बल्लेबाजी बेहतर लग रही है। वहीं, दिल्ली कैपिटल्स ने पिछले सत्र में सात सलामी जोडियों को आजमाया, लेकिन बात नहीं बनी। इस सत्र में उन्हें शीर्षक्रम में स्थिरता की उम्मीद होगी । केएल राहुल पारी का आगाज करेंगे, लेकिन उनके साथ पृथ्वी शॉ, अभिषेक पोरेल या पाथुम निसांका में से कौन होगा, अभी तय नहीं है। मध्यक्रम को मजबूती देने के लिए डेविड मिलर को लाया गया है, जबकि दक्षिण अफ्रीका के ट्रिस्टन स्टब्स भी टीम में हैं । कप्तान अक्षर पटेल और कुलदीप यादव जैसे दो मैच विनर उसके पास है । उनके साथ लुंगी एनगिडि भी हैं, जो टी-20 विश्व कप में जबरदस्त फॉर्म में थे ।



## शुरुआती मैच में मिली हार से निराश नहीं रुतुराज

**गुवाहाटी (एजेंसी)** ● चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) टीम के कप्तान रुतुराज गायकवाड़ ने कहा है कि राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ आईपीएल के पहले ही मैच में मिली हार से सबक लेते हुए उनकी टीम वापसी करेगी। रुतुराज ने टीम का बचाव करते हुए कहा है कि सत्र की शुरुआत में गलती होना चल सकता है पर बाद में नहीं। अभी सत्र का पहला ही मैच हुआ है जिसमें मिली हार से टीम को काफी कुछ सीखने को मिला है। इसलिए टीम में पर किसी प्रकार का मानसिक दबाव नहीं है। टीम आने वाले सत्र में प्रदर्शन के लिए तैयार है। वहीं मैच को लेकर उन्होंने कहा, मैं अधिक निराश नहीं हूं। इसका कारण है कि इस मैच की शुरुआत में हालात कठिन थे। हमारे टीम के लिए जोफ्रा आर्चर जैसे गेंदबाज का सामना करना आसान नहीं था। तब स्पिनरों को भी विकेट से सहायाता मिल रही थी जिससे हालात और खराब थे। स्पिनर्स को भी मदद मिल रही थी।' उन्होंने हालांकि माना कि टीम बाद में बेहतर बल्लेबाजी कर सकती थी पर असफल रही। उन्होंने कहा कि हम मैच को अंत तक ले जान चाहते थे। हमारा लक्ष्य 150-160 तक पहुंचना था पर सफल नहीं रहे। उन्होंने माना कि टीम की बल्लेबाज विफल रही। पावरप्ले में टीम ने 41 रनों के अंदर तीन विकेट खो दिये थे जिससे उसपर दबाव आ गया था। पारी में कोई भी साझेदारी 40 रन तक नहीं पहुंच सकी जिससे टीम अच्छा स्कोर नहीं बनाने से हार गयी। एक के बाद एक विकेट गिरने से टीम को संभलने का अवसर ही नहीं मिला। इस मैच में टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रहे और उसने शुरुआत में ही रुतुराज और संजू सैमसन के विकेट गंवा दिये। वहीं युवा बल्लेबाज आयुष म्हात्रे शून्य पर ही आउट हो गये। मध्य क्रम भी असफल रहा। इम्पैक्स प्लेयर के तौर पर उतरे सरफराज खान भी 17 रन ही बना पाये। युवा खिलाड़ी कार्तिक शर्मा ने 18 रन बनाए। केवल जेमी ओवरटन ही टिककर खेल पाये। ओवरटन ने 36 गेंदों में 43 रन बनाये पर किसी भी बल्लेबाज ने उनका साथ नहीं दिया। शिवम दुबे 6 रन, नूर अहमद 1 रन और मैट हेनरी 5 रन बनाकर आउट हो गए, पूरी टीम 127 रन पर ऑल आउट हो गई। इसके बाद रॉयल्स ने वैभव सूर्यवंशी की आक्रामक बल्लेबाजी से आसानी से लक्ष्य हासिल कर लिया। अब सीएस की टीम गुरुवार को पंजाब किंग्स से खेलेगी। इस मैच में सभी की नजरे सीएसके पर रहेंगी।



## सुभाष घई अब एनीमेशन की दुनिया में बढाएंगे कदम

**मुंबई (एजेंसी)** ● फिल्म निर्देशक सुभाष घई अब एनीमेशन की दुनिया में कदम रखने जा रहे है। इसके लिए उनकी कंपनी मुक्ता आर्ट लिमिटेड ने ग्रीन गोल्ड एनिमेशन प्रायवेट लिमिटेड के साथ रणनीतिक साझेदारी की है। इस कार्य के लिए मुक्ता आर्ट्स की नई डिवीजन एसजीएम स्टूडियो स्थापित की गई है, जो ग्रीन गोल्ड के साथ मिलकर एनीमेशन फिल्में और वेब सीरीज का निर्माण करेगी। इस पहल को भारतीय मनोरंजन उद्योग में एक महत्वपूर्ण बदलाव के रूप में देखा जा रहा है। सुभाष घई ने इस नई शुरुआत की जानकारी अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट के जरिए दी, जहां उन्होंने एसजीएम स्टूडियो का लोगो साझा करते हुए कहा कि उनकी कंपनी अब वैश्विक दर्शकों के लिए एनीमेशन कंटेंट तैयार करने की दिशा में आगे बढ़ रही है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि इस साझेदारी का उद्देश्य भारतीय कहानियों और सांस्कृतिक विरासत को आधुनिक तकनीक के माध्यम से नई पीढ़ी तक पहुंचाना है। घई के अनुसार-एनीमेशन एक ऐसा माध्यम है जो बच्चों और परिवारों के बीच तेजी से लोकप्रिय हो रहा है और



इसके जरिए भारतीय कहानियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाई जा सकती है। ग्रीन गोल्ड एनीमेशन के साथ साझेदारी को लेकर घई ने विशेष उत्साह जताया।



## इवेंट में कृति सेनन के बोल्ड अंदाज ने खींचा सबका ध्यान

**मुंबई (एजेंसी)** ● कृति सेनन अपने स्टाइलिश और ग्लैमरस लुक को लेकर सुर्खियों में हैं। अभिनेत्री का अंदाज पिंकविला स्क्रीन एंड स्टाइल अवार्डस 2026 के रेड कार्पेट पर इस बार पहले से ज्यादा बोल्ड नजर आया। उनकी एंट्री ने साफ कर दिया कि अब वह फैशन के मामले में नए प्रयोग करने से बिल्कुल नहीं हिचकतीं। उनका पूरा लुक सादगी और ग्लैमर का शानदार मिश्रण था, जिसने वहां मौजूद सभी लोगों का ध्यान अपनी ओर खींच लिया। इस खास मौके पर कृति ने मशहूर डिजाइनर नैंसी डोजाका की डिजाइन की हुई एमराल्ड ग्रीन गाउन पहनी थी, जो बेहद आकर्षक और यूनिक नजर आ रही थी। गाउन का सॉफ्ट और हल्का शाइनी फैब्रिक लाइट में खूबसूरत चमक दे रहा था, जिससे उनका लुक और भी रिच लग रहा था। गहरे हरे रंग की वजह से यह आउटफिट रेड कार्पेट पर तुरंत अलग दिखाई दिया और उनकी पर्सनैलिटी को और निखार गया। डिजाइन में मॉडर्न और एलिगेंस का बेहतरीन संतुलन देखने को मिला। इस गाउन की खासियत इसके डिटेलिंग में छिपी थी। पतली स्ट्रैप्स और बीच में दिया गया स्टाइलिश कट-आउट इसे हल्का बोल्ड टच देता है, जबकि इसकी फिटिंग और फ्लोइंग स्टाइल इसे क्लासी बनाए रखते हैं। कमर पर फिट और नीचे की ओर फ्लो करता डिजाइन उनके फिगर को बेहद खूबसूरती से हाइलाइट कर रहा था।

# उज्जैन संभाग

## अंतरराष्ट्रीय मूर्ख दिवस पर 'धुरंधर टेपा सम्मेलन' राकेश बेदी और व्यंग्य कवि को मिलेगी टेपा उपाधि

**दैनिक इंदौर संकेत**

**उज्जैन** ●अंतरराष्ट्रीय मूर्ख दिवस के अवसर पर 1 अप्रैल (बुघवार) को कालिदास अकादमी में 53वें अखिल भारतीय टेपा सम्मेलन 'धुरंधर टेपा सम्मेलन' के रूप में आयोजित किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में फिल्म 'धुरंधर-2' में जमील जमाली का किरदार निभाने वाले प्रसिद्ध हास्य अभिनेता राकेश बेदी मुख्य आकर्षण होंगे। साथ ही देश के प्रख्यात हास्य-व्यंग्य कवि अपनी रचनाओं से श्रोताओं को गुदगुदाएंगे। कार्यक्रम दर्शकों के लिए रात 8 बजे से पूर्णत: नि:शुल्क रहेगा। सम्मेलन में स्थानीय आमंत्रित हस्तियों पर प्रशस्ति-वाचन भी होगा। कार्यक्रम में चिल्मी मुकदमा जैसे आयोजन भी शामिल किए गए हैं। टेपा रपट और चिल्मी मुकदमों के आयोजन में टेपा रपट, प्रशस्ति वाचन और टेपा चिल्मी मुकदमे चलेंगे। अतिथियों को पारंपरिक टेपा वेशभूषा पहनाई जाएगी। टेपा टॉप कवि सम्मेलन में मधुबनी बिहार के शंभू शिखर, मुंबई के सुभाष काबरा, जयपुर के एकेश पार्थ, कन्नौद की प्रिया खुशबु, धार के लोकेश जडिया और मालवी कवि पं. राहुल शर्मा काव्य पाठ करेंगे। सम्मेलन के सूत्रधार दिनेश दिग्गज और अशोक भाटी होंगे, जबकि सहयोगी कुलदीप रंगीला, सुरेन्द्र सर्किट और प्रेमशीला श्रीवास्तव रहेंगे।

अखिल भारतीय टेपा सम्मेलन के सचिव मनीष शर्मा ने बताया कि इस वर्ष का सम्मेलन प्रख्यात समाजसेवी स्व. लाला अमरनाथ और टेपा के संस्थापक-अध्यक्ष डॉ. शिव शर्मा की स्मृति को समर्पित है। सम्मेलन के मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव होंगे, जबकि अध्यक्षता पूर्व मंत्री सज्जनसिंह वर्मा करेंगे। टेपा अतिथि के रूप में आईजी राकेश गुप्ता, कलेक्टर रोशन कुमार सिंह, एसपी प्रदीप शर्मा, विधायक एवं कांग्रेस जिलाध्यक्ष महेश परमार, भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश धाकड़, प्रेस क्लब अध्यक्ष नंदलाल यादव, सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ एडवोकेट आदिश सी अगरवाला, बैरवा समाज के अध्यक्ष सुरेन्द्र मरमट, समाजसेवी नरेश शर्मा, सीए कमलेश धनोतिया, मुख्य वन संरक्षक प्रफुल्ल फुलजेले और मप्र औद्योगिक विकास निगम के निदेशक राजेश राठौर को आमंत्रित किया गया है।



सम्मेलन में अपने क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाली हस्तियों को सम्मानित किया जाएगा। 53वें टेपा सम्मेलन में प्रसिद्ध हास्य अभिनेता राकेश बेदी को राधा लाला अमरनाथ स्मृति टेपा सम्मान, कवि सुभाष काबरा को पं. सूर्यनारायण व्यास स्मृति टेपा सम्मान, हास्य कवि शंभू शिखर को सांदीपनी न्यास टेपा सम्मान, कवयित्री प्रिया खुशबू को रंगकर्मी भगवती शर्मा स्मृति टेपा सम्मान, कवि एकेश पार्थ को स्व. रणछोड़सिंह आंजना स्मृति टेपा सम्मान और प्रसिद्ध हास्य कवि लोकेश जडिया को स्व. किशनलाल जायसवाल स्मृति टेपा सम्मान प्रदान किया जाएगा।

इसी तरह प्रसिद्ध मालवी कवि राहुल शर्मा को गणेश चिन्तामण शास्त्री पंडा नाहरवाला स्मृति टेपा सम्मान, पॉडकास्टर अवनी कोठारी को स्व. आरक्षक आशा बैस स्मृति टेपा सम्मान, सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ एडवोकेट डॉ. आदिश सी अगरवाला को कानूनविद स्व. बालकृष्ण उपाध्याय स्मृति टेपा सम्मान, वृक्ष मित्र समिति के अध्यक्ष अशोक भातखंडे को स्व. अशोक ब्रजलाल जायसवाल स्मृति टेपा सम्मान, समाजसेवी नरेश शर्मा को स्व. शकुंतला मोहनलाल शर्मा स्मृति टेपा सम्मान तथा चित्रकार डॉ. अभिषेक सिंह तोमर को मानव कला संकेत टेपा सम्मान से नवाजा जाएगा।

## युवक की गला घोंटकर हत्या की आशंका, शव की पहचान नहीं हुई

**दैनिक इंदौर संकेत**

**उज्जैन** ● भूखी माता मंदिर क्षेत्र के पास मंगलवार दोपहर शिप्रा नदी किनारे पुलिया के नीचे एक युवक का शव मिला। सूचना पर महाकाल थाना पुलिस मौके पर पहुंची। शुरुआती जांच में युवक की गला घोंटकर हत्या की आशंका जताई गई है। पुलिस के अनुसार शव पुलिया के नीचे नग्न अवस्था में पड़ा था। शरीर पर कोई कपड़ा नहीं था, जबकि पास में ग्रे रंग की पैंट और सफेद कुर्ता रखा मिला। मृतक के गले में शू-लेस बंधी हुई मिली है। इसी आधार पर पुलिस गला घोंटकर हत्या की आशंका जता रही है। सीएसपी राहुल देशमुख के मुताबिक मृतक की उम्र करीब 24 से 25 साल के बीच है। युवक के सिर पर तिलक भी लगा हुआ था। पुलिस ने आसपास के लोगों से पूछताछ की, लेकिन युवक की पहचान नहीं हो सकी। शव का पंचनामा कर मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी गई है। घटना की जांच के लिए एफएसएल टीम को बुलाया गया है। साथ ही आसपास के सीसीटीवी फुटेज भी खंगाले जा रहे हैं, ताकि आरोपियों का सुराग मिल सके।



## भूत भगाने का झांसा देकर दंपती को ठगने वाले आरोपी को जेल भेजा

**दैनिक इंदौर संकेत**

**खंडवा** ● जावर थाना क्षेत्र में भूत भगाने का झांसा देकर दंपती से 2,30,000 रुपए ठगने वाले ढोंगी बाबा और उसके चेले पंकज नाथ निवासी कोठरा ग्राम (हरदा) के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज किया था। पंकज नाथ को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया था। वह दो दिन की पुलिस रिमांड पर था। मंगलवार को उसकी रिमांड खत्म हो गई। टीआई श्याम भादले और उनकी टीम ने उसे कोर्ट में पेश किया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। टीआई ने बताया फरार ढोंगी बाबा की तलाश की जा रही है।

## महाकाल मंदिर मार्ग के 12 मकान पर चला बुलडोजर, रोड में बाधा बन रहे थे

**दैनिक इंदौर संकेत**

**उज्जैन** ●महाकाल मंदिर दर्शन करने आने वाले श्रद्धालुओं के लिए जल्द ही एक और मार्ग चौड़ा होने जा रहा है जिससे भक्त आसानी से मंदिर तक पहुंच सकेंगे। मंगलवार को नगर निगम की टीम ने भारत माता पार्किंग स्थल से अहिल्याबाई चौराहे तक 15 मीटर चौड़ीकरण के अंतर्गत मार्ग में आ रहे भवनों को नगर निगम द्वारा जेसीबी एवं पोकलेन के माध्यम से हटाया गया, स्मार्ट सिटी के द्वारा अहिल्याबाई चौराहा जो कि बेगम बाग मार्ग से भारत माता पार्किंग स्थल तक 15 मीटर की चौड़ाई के साथ उक्त मार्ग का निर्माण किया जाएगा मार्ग में 14 भवनों में बेगमबाग से स्मार्ट पार्किंग के बीच बाधक बन रहे 12 मकानों को जेसीबी से तोड़ दिया। बेगमबाग से महाकाल मंदिर की स्मार्ट पार्किंग तक जाने का मार्ग संकरा था जिसके कारण रोजाना जाम की स्थिति बन रही थी। 24 मीटर चौड़े प्रस्तावित रोड का एक हिस्सा पहले से महाकाल थाने से लेकर पालकी द्वार तक बनाया जा चुका था। प्रशासन ने बेगमबाग की और से स्मार्ट पार्किंग तक बने 12 मकानों को तोड़ दिया। इसके बाद अब जल्द ही यहां रोड बनने से मंदिर जाने का मार्ग सुलभ हो जाएगा।

एडिशनल एसपी राहुल देशमुख ने बताया कि 14 मकानों को चिन्हित किया है। 12 पर कार्रवाई की है। किसी ने भी कोई विरोध नहीं किया है। निगम के अमले ने कुछ ही घंटों में मकानों को तोड़ दिया। उज्जैन विकास प्राधिकरण ने पिछले मंगलवार को लीज उलंघन मामले में 15 मकान ध्वस्त किए थे। जबकि पहले 42 मकान जमींदोज किए जा चुके है। प्राधिकरण अभी यहां कुल 90 दुकान होटल मकान हटा रहा है।

## ईंधन किल्लत व बिजली दर बढ़ोतरी के विरोध में कांग्रेस का प्रदर्शन

**दैनिक इंदौर संकेत**

**उज्जैन** ● केंद्र सरकार द्वारा गैस सिलेंडर के दामों में वृद्धि और मध्य प्रदेश सरकार द्वारा बिजली बिलों में बढ़ोतरी के खिलाफ कांग्रेस ने विरोध दर्ज कराया। शहर जिला कांग्रेस कमेटी ने कलेक्टर के माध्यम से राज्यपाल को ज्ञापन सौंपा, जिसमें 1 अप्रैल से प्रस्तावित बिजली दर वृद्धि वापस लेने की मांग की गई।

शहर कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश भाटी के नेतृत्व में सौंपे गए ज्ञापन में आरोप लगाया गया कि केंद्र और राज्य सरकार आम नागरिकों के हितों के विपरीत कार्य कर रही हैं। कांग्रेस ने गेहूं खरीदी की तारीख बढ़ाने की भी निंदा की। प्रदर्शन में नेता प्रतिपक्ष रवि राय, संगठन महासचिव अजय राठौर, जिला ग्रामीण कांग्रेस सेवादल




अध्यक्ष डॉ. चैनसिंह चौधरी, अजय राठौर, संचित शर्मा, अभिषेक शर्मा, आनंद मीणा सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# इंदौर विकास प्राधिकरण की प्रॉपर्टी नहीं बिक रहीं बुजुर्गों का स्नेहधाम अब वर्किंग वूमन हॉस्टल बनेगा

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● इंदौर विकास प्राधिकरण का वित्तीय वर्ष 2026-27 का बजट मंगलवार 31 मार्च को बोर्ड बैठक में पास हुआ। इस बार इसमें 1020 करोड़ की आय और 993 करोड़ के खर्च का अनुमान रखा है। वहीं, बजट के आंकड़ों से खुलासा हुआ है कि रियल स्टेट सेक्टर की मंदी ने आईडीए को भी चपेट में लिया है।

**आईडीए की प्रॉपर्टी इतनी बिकी**-आईडीए ने साल 2025-26 के दौरान प्रॉपर्टी बेचकर 1400 करोड़ आय का लक्ष्य रखा था। लेकिन इसके विरुद्ध मात्र 384 करोड़ की ही प्रॉपर्टी बिक सकी। संभागायुक्त और प्रशासक आईडीए डॉ. सुदाम पी खाड़े ने बताया कि तय किया है कि आईडीए की प्रॉपर्टी के लिए लगातार ऑक्शन निकाले जाते रहेंगे। इसके लिए सीईओ को अधिकृत कर दिया है। अब बार-बार बोर्ड से मंजूरी की जरूरत नहीं होगी। यह सतत प्रक्रिया चलती रहेगी। वहीं, एक हजार करोड़ की एफडी के चलते आईडीए को 70 करोड़ इसी ब्याज से ही मिल गए।

**बजट में सिंहस्थ 2028 पर फोकस**-बजट में अधिकांश घोषणाएं वहीं पुराने बजट वाली ही है। एक बार फिर सिंहस्थ 2028 का जिक्र किया गया है। इसके लिए काम में तेजी लाने और एमआर-10, एमआर-12 को जल्द पूरा करने की बात कही है।



हालांकि इसमें अभी कई बाधाएं हैं, जिसे लेकर प्रशासक ने कहा कि सभी से बात कर इसे जल्द पूरा किया जाएगा।

**बाकी वहीं पुरानी घोषणाएं हैं**-बाकी बातें पुराने बजट वाली है। कन्वेंशन सेंटर का काम किया जाएगा, स्टार्टअप पार्क भी पीपीपी पर बनेगा यह फैसला हुआ है। विजयनगर में मल्टी मॉडल मोबिलिटी हब बनेगा। सुपर कॉरिडोर पर स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स तैयार होगा। कुमेडी आईएसबीटी संचालन के लिए दो निविदा मिली है, इसे तय कर संचालन शुरू किया जाएगा। लवकुश फ्लाईओवर पूरा होगा। विविध टीपीएस योजनाओं में काम के लिए मंजूरी हुई है।

**चंदननगर में ब्रिज बनेगा, पश्चिमी इंदौर को राहत**-पश्चिमी इंदौर को बड़ी राहत मिली है। अब चंदननगर पर फ्लाईओवर को मंजूरी मिली है। महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने कहा कि इससे पूरे क्षेत्र में ट्रैफिक आसान होगा। सीएम डॉ. मोहन यादव और मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के चलते यह हो सका है। यह परियोजना क्षेत्र के विकास में मील का पत्थर साबित होगी और लंबे समय से चली आ रही यातायात संबंधी समस्याओं का समाधान करेगी।

### ऐनवक्त पर स्कीम 171 मुक्ति का एजेंडा ठंडे बस्ते में डाला

दो दिन पहले तक स्कीम 171 पुष्पविहार व अन्य को मुक्त करने की तैयारी थी। सभी चर्चा हो गई थी लेकिन बोर्ड बैठक से एक दिन पहले ही इसे ठंडे बस्ते में डालने की बात उच्च स्तर पर हो गई। सभी प्रमुख अधिकारियों ने आपस में बात की और तय किया कि एक बार सीएम डॉ. मोहन यादव के सामने इसका प्रेजेंटेशन रखते हुए फिर आगे बढ़ा जाए। इसके चलते बोर्ड बैठक में जब एजेंडे में इस बिंदु पर सभी अधिकारी पहुंचे तो प्रशासक सुदाम खाड़े कलेक्टर शिवम वर्मा और सीईओ परिक्षित झाड़े ने आपस में चर्चा की। इस मामले को अगली बोर्ड बैठक के लिए टाल दिया गया।

## भाजपा इंदौर ग्रामीण कार्यालय की जमीन रजिस्ट्री प्रक्रिया पूर्ण

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● भाजपा जिला इंदौर ग्रामीण के नवीन कार्यालय के लिए भूखंड की रजिस्ट्री संपन्न हुई। यह रजिस्ट्री मंत्री तुलसीराम सिलावट, प्रदेश कोषाध्यक्ष अखिलेश जैन, जिला अध्यक्ष श्रवणसिंह चावड़ा, विधायक उषा ठाकुर, जिला महामंत्री रामस्वरूप गेहलोत, अंतर दयाल, मुकेश जरिया सहित अन्य पदाधिकारियों की गरिमामयी उपस्थिति में पूरी हुई। जिला अध्यक्ष श्रवणसिंह चावड़ा ने बताया कि कार्यालय हेतु इस भूमि के चयन और क्रय के लिए वे स्वयं एवं जिला पदाधिकारी पिछले तीन माह से निरंतर प्रयासरत थे, जिसका आज सकारात्मक परिणाम सामने आया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, यह भूखंड लगभग 16,000 वर्गफीट क्षेत्रफल का है, जो नावदा पंथ स्थित इकोनॉमिक कॉरिडोर पर एयरपोर्ट के समीप स्थित है।

## 31 मार्च की डेडलाइन से पहले आधी रात तक खुले रहे पंजीयन कार्यालय

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● मध्य प्रदेश की आर्थिक राजधानी इंदौर में वित्तीय वर्ष 202526 के आखिरी दिन जमीन और मकानों की रजिस्ट्री कराने के लिए लोगों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी. पंजीयन कार्यालयों के बाहर सुबह से लेकर देर रात तक लंबी कतारें देखने को मिलीं, यहां तक कि रात 12 बजे भी लोग अपनी बारी का इंतजार करते नजर आए.

इस असाधारण भीड़ की सबसे बड़ी वजह 1 अप्रैल से लागू होने वाली नई प्रॉपर्टी गाइडलाइन को माना जा रहा है. नई दरें लागू होने के बाद रजिस्ट्री महंगी होने की आशंका है, जिसके चलते लोग पुराने रेट पर ही अपने दस्तावेज पंजीकृत कराने के लिए अंतिम दिन तक जुटे रहे.

**सर्वर डाउन से बढ़ा दबाव**-दिनभर तकनीकी समस्याओं के चलते पंजीयन कार्यालयों में काम प्रभावित रहा. सर्वर डाउन होने के कारण कई लोगों की रजिस्ट्रियां लंबित रह गईं, जिससे शाम होतेहोते दबाव और बढ़ गया. इसी दबाव को कम करने के लिए प्रशासन ने रात में भी कार्यालय खुले रखने का निर्णय लिया.

**देर रात तक जारी रहा काम**-भीड़ को देखते हुए अधिकारियों ने कर्मचारियों को देर रात तक काम करने के निर्देश दिए. इसके बाद भी लोगों की संख्या कम नहीं हुई और आधी रात तक कार्यालयों में काम चलता रहा. कई लोग घंटों




लाइन में खड़े रहे, लेकिन रजिस्ट्री कराने की जल्दबाजी के चलते किसी ने भी हार नहीं मानी.

**वकील और दस्तावेज लेखक भी रहे सक्रिय**-रजिस्ट्री के इस दबाव के बीच वकील, दस्तावेज लेखक और आम नागरिक सभी लगातार सक्रिय नजर आए. थकान के बावजूद लोग अपनी बारी का इंतजार करते रहे, ताकि बढ़ी हुई दरों से बचा जा सके. पंजीयन विभाग के अधिकारियों के अनुसार, बढ़ती भीड़ को देखते हुए अतिरिक्त प्रयास किए जा रहे हैं ताकि अधिक से अधिक रजिस्ट्रियों का काम समय पर पूरा किया जा सके. प्रशासन का प्रयास रहा कि किसी भी व्यक्ति को अंतिम दिन परेशानी का सामना न करना पड़े.

### इंदौर के एयरपोर्ट रोड पर मेट्रो के काम के कारण हो रही परेशानी होगी खत्म

# बिजासन में नया सर्विस रोड बनेगा

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● इंदौर में एयरपोर्ट रोड से सुपर कॉरिडोर के बीच अंडरग्राउंड मेट्रो के काम से वाहन चालकों को हो रही परेशानी को लेकर प्रशासन ने मंगलवार को अहम फैसला लिया है। दरअसल अब बिजासन मेट्रो स्टेशन और बिजासन माता मंदिर के बीच एक सर्विस रोड बनाई जाएगी, जिससे ट्रैफिक के लिए एक दूसरा रास्ता मिल सकेगा।

इंदौर में एयरपोर्ट रोड से सुपर कॉरिडोर के बीच अंडरग्राउंड मेट्रो के काम से वाहन चालकों को हो रही परेशानी से अब जल्द राहत मिलने की उम्मीद है। मंगलवार को जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में प्रशासन ने इस मामले में महत्वपूर्ण फैसला लिया है। पिछले कई दिनों से इस रूट पर अक्सर मेन रोड को बंद कर दिया जाता था, जिसके कारण लोगों को करीब दो किलोमीटर का लंबा चक्कर लगाकर जाना पड़ रहा था। इस वजह से वाहन चालक काफी समय से परेशान थे और इस समस्या को

### वाहन चालकों को मिलेगी राहत



### आठ प्रमुख मार्गों पर काम शुरू किया जाएगा

शहर में सिर्फ मेट्रो रूट ही नहीं बल्कि पूरी यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने पर भी ध्यान दिया गया है। समिति ने तय किया है कि पूरे शहर में एक साथ काम करने के बजाय पहले चरण में आठ प्रमुख मार्गों पर काम शुरू किया जाएगा। इन चुनिंदा मार्गों से अतिक्रमण हटाया जाएगा। साथ ही लेफ्ट टर्न को व्यवस्थित किया जाएगा ताकि ट्रैफिक आसानी से चल सके और चौराहों पर लगने वाले जाम से राहत मिल सके। इन प्रमुख मार्गों में राजबाड़ा क्षेत्र, रिवर साइड-संजय सेतु मार्ग, महारानी रोड, एलआईजी से पाटनीपुरा तक का मार्ग, भंवरकुआं क्षेत्र और वीआईपी रोड (जो एयरपोर्ट रोड का हिस्सा है) शामिल हैं। इन इलाकों में यातायात व्यवस्था सुधारने को प्राथमिकता दी जाएगी।

लगातार उठाया जा रहा था।

दरअसल बैठक में तय किया गया है कि बिजासन मेट्रो स्टेशन और बिजासन माता मंदिर के बीच खाली पड़ी जमीन पर एक सर्विस रोड बनाई जाएगी। यह नया रास्ता एयरपोर्ट टर्मिनल के सामने से केंद्रीय विद्यालय के पहले तक तैयार किया जाएगा। इस सर्विस रोड के बनने से एयरपोर्ट रोड और सुपर कॉरिडोर के बीच एक वैकल्पिक रास्ता मिल जाएगा। इससे मौजूदा ट्रैफिक का दबाव काफी कम होगा और वाहन चालकों को बेवजह घूमकर जाने की परेशानी से राहत मिलेगी। यह कदम मेट्रो निर्माण के दौरान लोगों को हो रही परेशानी कम करने के लिए उठाया गया एक महत्वपूर्ण कदम है। बैठक की अध्यक्षता कर रहे कलेक्टर शिवम वर्मा ने यातायात सुधार के लिए किए जा रहे प्रयासों की जानकारी दी है। उन्होंने बताया है कि राजबाड़ा क्षेत्र में सिटी बसों के गलत तरीके से खड़े होने के कारण ट्रैफिक में रुकावट आ रही थी। इस समस्या को देखते हुए बसों के रूट में बदलाव किया गया है ताकि ट्रैफिक का प्रवाह बना रहे। हालांकि यात्रियों को होने वाली परेशानी को ध्यान में रखते हुए प्रशासन नई वैकल्पिक व्यवस्था बनाने पर भी काम कर रहा है।

### उमंग सिंघार ने दूषित पेयजल सप्लाई के आरोप लगाए

# जनता के साथ खिलवाड़ बंद हो

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि भागीरथपुरा जलकांड के बावजूद सरकार और प्रशासन ने कोई सबक नहीं लिया है। उन्होंने आरोप लगाया कि बड़े क्षेत्र में दूषित पेयजल सप्लाई जारी है और जनता अब भी सुरक्षित पानी से वंचित है। उन्होंने कहा 'यह सिर्फ लापरवाही नहीं, सीधा आपराधिक कृत्य है।'

नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने एक बार फिर इंदौर में पेयजल को लेकर प्रदेश सरकार को कटघरे में खड़ा किया है। उन्होंने कहा कि जिस इंदौर को लगातार आठ बार 'सबसे स्वच्छ शहर' का तमगा मिला और जिसने भाजपा को विधायक, सांसद और केंद्रीय मंत्री दिए..उसी शहर के साथ आज सरकार ने खुला विश्वासघात किया है। कांग्रेस नेता ने कहा कि भागीरथपुरा जलकांड अब अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उपहास और शर्मिंदगी का विषय बन चुका है। 36 मौतें, 80 से अधिक बोरवेल दूषित और पूरा इलाका ज़हरीले पानी की चपेट में है। उन्होंने कहा



कि शहर के बड़े क्षेत्र में भूजल दूषित है और यह किसी एक दिन की गलती नहीं, बल्कि लगातार प्रशासनिक लापरवाही का परिणाम है।

**सरकार से की तुरंत समाधान की मांग** -नेता प्रतिपक्ष ने कहा है कि उन्होंने खुद कई इलाकों में जाकर वॉटर ऑडिट किया और जमीनी हकीकत भयावह पाई है। उन्होंने कहा कि अब सरकार की अपनी एजेंसियों ने भी मान लिया है कि पानी ज़हरीला है। उन्होंने कहा कि 'जल ही जीवन है और जब वही ज़हर बन जाए यह सिर्फ लापरवाही नहीं बल्कि सीधा आपराधिक कृत्य है। जिस भाजपा सरकार को जनता ने आशीर्वाद दिया, और जहां मुख्यमंत्री खुद का प्रभार जिला है, वहां ऐसी भयावह स्थिति की स्वीकार्यता अस्वीकार्य है।' उमंग सिंघार ने कहा कि उन्होंने कहा कि पूरी भाजपा सरकार और मुख्यमंत्री को अब तत्काल जागना होगा। इंदौर सहित पूरे प्रदेश में पानी जैसी मूलभूत सुविधा को सुरक्षित और सुचारु बनाना उनकी जिम्मेदारी है। कांग्रेस नेता ने कहा है कि जनता के साथ यह खिलवाड़ तुरंत बंद होना चाहिए।

### उमंग सिंघार ने पेयजल को लेकर सरकार को घेरा

उमंग सिंघार ने इंदौर में दूषित पेयजल की स्थिति को लेकर बीजेपी सरकार से सवाल किए हैं। उन्होंने कहा कि 'मिनी बॉम्बे, इकोनॉमिक कैपिटल, क्लीनेस्ट सिटी ऑफ इंडिया कहे जाने वाले शहर की आज हालत दयनीय है। जनता को पीने के पानी जैसी मूलभूत सुविधा तक नहीं मिल रही है।' उन्होंने कहा भगीरथपुरा जलकांड के बाद इंदौर के पानी की तुलना जहर से हो रही है। इसपर पर हजारों मीम्स और तंज बन रहे हैं और लोग पानी पीने से डर रहे हैं।

## डिवाइडर पर विज्ञापन पोल को लेकर विवाद गहराया

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● शहर के प्रमुख मार्गों पर डिवाइडर और ट्रैफिक सिग्नल के बीच लगाए गए विज्ञापन पोल को लेकर विवाद लगातार गहराता जा रहा है। आरोप है कि विजय नगर सहित कई व्यस्त चौराहों के बीच 20 से 30 फीट ऊंचे विज्ञापन पोल खड़े कर दिए गए हैं, जबकि नियमानुसार डिवाइडर और ट्रैफिक सिग्नल पर इस तरह के बोर्ड लगाने की अनुमति नहीं है। मामले को लेकर हाईकोर्ट द्वारा इन्हें हटाने के निर्देश दिए जा चुके हैं, इसके बावजूद अब तक मौके पर कोई ठोस कार्रवाई नजर नहीं आई है, जिससे नगर निगम की कार्यप्रणाली पर सवाल उठने लगे हैं। हालांकि बढ़ते विवाद के बीच अब नगर निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल ने पूरे मामले की जांच के आदेश दे दिए हैं। मध्यप्रदेश आउटडोर मीडिया विज्ञापन नियम 2017 के तहत स्पष्ट प्रावधान है कि डिवाइडर और ट्रैफिक सिग्नल पर विज्ञापन बोर्ड नहीं लगाए जा सकते। इसके बावजूद शहर में इस तरह के पोल लगाए जाने से यह सवाल खड़ा हो रहा है कि आखिर किन परिस्थितियों में इन्हें अनुमति दी गई और किस स्तर पर स्वीकृति दी गई। महापौर पुष्यमित्र भार्गव का कहना है कि यह पोल जीएसआईटीएस की अनुमति के बाद लगाए गए हैं, जबकि दूसरी ओर यह भी आरोप सामने आ रहे हैं कि जिन डिजाइनों को मंजूरी दी गई थी, मौके पर लगाए गए पोल उनसे अलग हैं। साथ ही यह भी कहा जा रहा है कि इन पोल के लिए वैध स्टेबिलिटी सर्टिफिकेट भी जारी नहीं किया गया।

### नशे के सौदागरों पर पुलिस और क्राइम ब्रांच की कार्रवाई जारी

# क्राइम ब्रांच ने दो और खजराना पुलिस ने एक को बनाया बंदी

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● नशे के सौदागरों पर पुलिस और क्राइम ब्रांच की कार्रवाई निरंतर जारी है। ड्रग्स बेचने वालों से मिले सुराग के आधार पर भी आरोपी पकड़े जा रहे हैं। क्राइम ब्रांच ने ड्रग्स के कारोबार से जुड़े दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। खजराना पुलिस ने भी एक आटो चालक को गिरफ्तार कर उससे एमडी ड्रग्स बरामद की है।

क्राइम ब्रांच ने ब्राउन शुगर की तस्करी में पकड़े गए आरोपी से पूछताछ के बाद गैंग से जुड़े फरार एक बदमाश को धरदबोचा। उससे नेटवर्क के बारे में जानकारियां ली जा रही है। डीसीपी क्राइम राजेश कुमार त्रिपाठी के मुताबिक पकड़े गए आरोपी का नाम मयंक साहू निवासी तिलनगर है। मादक पदार्थों की तस्करी में लिप्त बदमाशों के विरूद्ध कार्रवाई करते हुए पूर्व में क्राइम ब्रांच ने एक आरोपी विशाल को पकड़ा था। इसके पास से दो लाख रूपए कीमत की 20 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद की गई थी। इससे पूछताछ के बाद फरार साथी मयंक को पकड़ा गया। यह बदमाश मादक पदार्थ अन्य जिलों से खरीदकर शहर में सप्लायरों को उपलब्ध करवाता था। मयंक के खिलाफ पूर्व में भी एनडीपीएस एक्ट का मामला दर्ज है। थाना खजराना प्रभारी मनोज सिंह सेंधव द्वारा विशेष टीम गठित कर लगातार ड्रग्स के कारोबार से जुडे अपराधियों पर कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में थाना खजराना की टीम द्वारा संदेहियो की तलाश क्षेत्र के अलग-अलग स्थानो पर करते दस्तूर डिलाइट गार्डन के पीछे खाली मैदान खजराना में एक संदिग्ध दिखा। वह पुलिस टीम को देखकर घबराकर भागने का प्रयास करने लगा टीम द्वारा आरोपी की घेराबंदी कर पकड़ा। आरोपी का नाम, पता पूछने पर अपना नाम नूर मोहम्मद उर्फभैय्यू पिता आसिफअली उम्र 26 साल निवासी रोशन नगर खजराना बताया। आरोपी 7 वीं तक शिक्षा प्राप्त है और आटो चलाता है। उसके पास से 15 ग्राम एमडी बरामद की गई जिसकी कीमत करीब डेढ लाख रुपए बताई गई है। उससे पूछताछ में पता चला कि पर खुद नशे का आदी है और उसके बाद दूसरे स्थानों से एमडी खरीदकर नशेडियों को महंगे दाम में बेचता है। पुलिस उससे पूछताछ कर अन्य तस्करों के बारे में जानकारी जुटा रही है। क्राइम ब्रांच ने एक अन्य मामले में 13.07 ग्राम एमडी ड्रग के साथ एक बदमाश को गिरफ्तार किया है।

# इंदौर का निरंजनपुर गांव जहां पानी बना सबकी आजीविका का साधन

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● मध्य प्रदेश के इंदौर शहर के पास स्थित निरंजनपुर गांव अपनी एक अनोखी पहचान बना चुका है। यहां आजीविका का सबसे बड़ा साधन न खेती है और न ही नौकरी, बल्कि पानी का व्यापार है। पहली नजर में यह बात अजीब लग सकती है, लेकिन इस गांव के अधिकांश परिवारों की रोज़ी-रोटी इसी काम पर निर्भर है।

गांव में पानी का कारोबार इतना व्यापक है कि आसानी से पहचाना जा सकता है कि कौन इस व्यवसाय से जुड़ा हुआ है। जिस घर के बाहर पानी का टैंकर खड़ा दिखे, समझ लीजिए वहीं से पानी का व्यापार संचालित होता है।

### हर घर की एक ही कहानी

निरंजनपुर में लगभग 300 घर हैं और इनमें से अधिकांश किसी न किसी रूप में पानी के व्यवसाय से जुड़े हुए हैं। करीब एक दशक पहले यहां भूजल की प्रचुर उपलब्धता ने इस काम को जन्म दिया। लोगों ने अपने घरों में गहरे बोरिंग करवाए और वहां से निकलने वाले पानी को बेचने का काम शुरू कर दिया।

धीरे-धीरे यह काम एक संगठित व्यापार का रूप लेने लगा। लोगों ने अपने कारोबार को बढ़ाने के लिए बड़े-बड़े टैंकर खरीद लिए और हजारों लीटर पानी सप्लाई करने लगे। आमतौर पर 3 से 4 हजार लीटर पानी 500 से 600 रुपये में और 12 हजार लीटर तक का टैंकर 4 से 5 हजार रुपये में बेचा जाता रहा है।



**चिंता का विषय**-हालांकि, अब स्थिति पहले जैसी नहीं रही। लगातार बढ़ते दोहन के कारण पानी का स्तर नीचे जाने लगा है। इसी वजह से लोग अब अपने बोरिंग को और अधिक गहराई तक खुदवा रहे हैं, जो भविष्य के लिए चिंता का विषय बनता जा रहा है।

स्थानीय लोगों के अनुसार, एक समय ऐसा भी था जब गांव का लगभग हर व्यक्ति इस व्यवसाय से जुड़ा हुआ था और गर्मियों में इतनी मांग रहती थी कि हर टैंकर पहले से बुक रहता था। उस दौर में कमाई इतनी होती थी कि लोगों की आर्थिक स्थिति में तेजी से सुधार हुआ।

आज निरंजनपुर गांव की यह कहानी एक ओर जहां आर्थिक बदलाव की मिसाल है, वहीं दूसरी ओर जल संसाधनों के अत्यधिक उपयोग से पैदा हो रहे संकट की चेतावनी भी देती है।

### पानी बेचने का बिजनेस

समय के साथ इस व्यवसाय ने कई लोगों की आर्थिक स्थिति बदल दी। पहले जहां लोग केवल गुजर-बसर के लिए यह काम करते थे, वहीं अब यह एक लाभदायक व्यवसाय बन चुका है। खासकर गर्मियों के मौसम में पानी की मांग बढ़ने के साथ इनकी आमदनी भी कई गुना बढ़ जाती है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक : **अक्षय तिवारी** द्वारा मेसर्स डी.बी. कार्प लिमि. 44-45/ए, 50-51/ए, सेक्टर एफ इंडस्ट्रीयल एरिया, सांवेर रोड़, इंदौर (मप्र)- 452008 से मुद्रित एवं 5/6, नार्थ राजमोहल्ला (गुरुद्वारे के सामने), इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। **आरएनआई - एमपीएचआईएन/2021/81650**
सभी विवादों के लिए न्याय क्षेत्र केवल इंदौर रहेगा। समाचार पत्र में व्यक्तिगत नाम से प्रकाशित खबर एवं आलेख के लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे।